www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 24, अंक 333, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 12 जून 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# पीएम ने राज्यों को दिया विकास का मंत्र

## विकसित भारत 2047 के लिए बनाया गया मास्टर प्लान

**नई दिल्ली**

**नीति** आयोग की शासी परिषद की 11वीं बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर में भी भारत की मजबूत विकास यात्रा पर भरोसा जताते हुए कहा कि देश आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय, सहयोग और साझा जिम्मेदारी बेहद आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सहकारी संघवाद की भावना ही भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।



हम आपको बता दें कि नयी दिल्ली में राष्ट्रपति भवन स्थित संस्कृति केंद्र में आयोजित इस बैठक का मुख्य विषय विकसित भारत 2047 के लिए समावेशी मानव विकासह्व रखा गया, जिसके अंतर्गत देश के हर नागरिक के विकास, सम्मान और समान अवसरों पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में देशभर के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल शामिल हुए तथा समावेशी मानव विकास ढांचे के चार प्रमुख स्तंभों पर चर्चा हुई। इनमें बुनियादी मानव पूंजी और भविष्य के लिए तैयार कौशल, उत्पादक रोजगार और उद्यमिता, स्वास्थ्य तथा पोषण और सभी के लिए समानता एवं गरिमा जैसे विषय शामिल रहे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत का जनसांख्यिकीय लाभ देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है और इसे गंवाया नहीं जा सकता। उन्होंने युवाओं को विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मांग आधारित कौशल विकास और व्यापक रोजगार अवसरों का निर्माण सरकारों की सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सशक्त युवा ही भारत की विकास यात्रा को नई गति देंगे। बैठक में उद्यमिता को बढ़ावा देने, कौशल विकास को मजबूत करने और टिकाऊ रोजगार के अवसर पैदा करने के उपायों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिनसे निर्यात और आर्थिक विकास के नए अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन और गुणवत्ता सुधार के माध्यम से भारतीय उद्योग विश्व बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना सकते हैं।

महिला सशक्तीकरण पर विशेष जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला नेतृत्व वाला विकास विकसित भारत की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि खेती, नवाचार, विज्ञान, उद्योग और नवउद्यम जैसे क्षेत्रों में नारी शक्ति का योगदान लगातार बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने राज्यों से महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा, कौशल विकास और आर्थिक सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की। उनका कहना था कि महिलाओं की पूरी क्षमता का उपयोग किए बिना भारत का समग्र विकास संभव नहीं है।

बैठक में शासन व्यवस्था, डिजिटल सार्वजनिक ढांचे और साझेदारी को विकास के प्रमुख साधन के रूप में रेखांकित किया गया। साथ ही जवाबदेही और परिणाम आधारित कार्यप्रणाली पर भी बल दिया गया ताकि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। शासी परिषद ने दिसंबर 2025 में आयोजित मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन की सिफारिशों पर भी विचार किया।

हम आपको यह भी बता दें कि वैसे तो बैठक में तमाम राज्यों के मुख्यमंत्री आये लेकिन कर्नाटक के नये मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की उपस्थिति ने सबका ध्यान खींचा। दरअसल कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की ओर से पिछले कुछ वर्षों में नीति आयोग की बैठकों से दूरी बनाए रखने की परंपरा के विपरीत शिवकुमार ने इस बार बैठक में भाग लेने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें सहयोग का भरोसा दिया था और राज्य के हित में केंद्र के साथ मिलकर काम किया जाएगा। शिवकुमार ने बैठक में कर्नाटक की आवश्यकताओं और विकास योजनाओं को मजबूती से रखा। उन्होंने बेंगलुरु को देश की आर्थिक और तकनीकी शक्ति बताते हुए कहा कि दुनिया भारत को बेंगलुरु के माध्यम से देख रही है। उन्होंने राज्य में आधारभूत ढांचे, शहरी परिवहन और कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इसके अलावा, अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्र शासित राज्यों के उपराज्यपालों ने अपने अपने राज्य से संबंधित मांगें और सुझाव बैठक के दौरान रखे साथ ही अपनी उपलब्धियों का विवरण भी प्रस्तुत किया। हम आपको बता दें कि आमतौर पर, इस परिषद की बैठक हर साल होती है।

# ईरान पर करेंगे बड़ा हमला, वेनेजुएला की तरह उसके तेल पर करेंगे कब्जा

**अमेरिका**

**अमेरिका** ने ईरान पर हमले को लेकर बड़ा बयान जारी किया है. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि 11 जून की रात यानी आज जबरदस्त हमला करेगा. ट्रंप ने यह धमकी हमले से कुछ घंटों पहले ही जारी की है. यह बयान उन्होंने अपने ट्रुथ हमले पर एक पोस्ट के जरिए दिया है.




ट्रंप ने अपने पोस्ट में कहा है कि अमेरिका आज रात ईरान पर जबरदस्त हमला करेगा. इसकी नेवी, एयर फोर्स, रडार, एंटी-एयरक्राफ़्ट और डिफेंस के सभी सिस्टम, साथ ही ज्यादातर हमला करने की क्षमता भी खत्म हो चुकी है. आने वाले समय में कभी भी, हम खार्ग आइलैंड और तेल से जुड़े दूसरे इंफ्रास्ट्रक्चर पर कब्जा कर लेंगे और उनके तेल और गैस बाजार पर पूरी तरह कंट्रोल कर लेंगे.

ठीक वैसे ही जैसे हमने वेनेजुएला के मामले में किया है. जो वेनेजुएला और अमेरिका दोनों के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो रहा है।

## जनता का दर्द उठाना ज़िम्मेदारी

**नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा ने कहा कि पार्टी NEET-UG परीक्षा, उइए डरट और महंगाई जैसे जनहित के मुद्दों को "पूरी ताकत" से उठाना जारी रखेगी। यह बात गुरुवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई एक हाई-लेवल संगठनात्मक बैठक के बाद कही गई, जिसमें मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा के लिए अक्ळउ महासचिव, राज्य प्रभारी और ढउउ अध्यक्ष शामिल हुए थे।

# मध्य प्रदेश और गुजरात में में बीजेपी की निर्विरोध जीत




**मध्य प्रदेश**

**भारतीय** जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश की तीनों राज्यसभा सीटें जीत ली हैं। पार्टी के उम्मीदवार रजनीश अग्रवाल, तरुण चुघ और महेश केवट 2026 के चुनावों में निर्विरोध चुने गए।

तीनों उम्मीदवारों को विधानसभा से जीत का सर्टिफिकेट मिल गया है। यह घटनाक्रम कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने से जुड़े विवाद के बीच हुआ है। नटराजन ने गुरुवार को मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन रद्द किए जाने को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। इन तीन सीटों के लिए चुनाव 18 जून को होने थे।

वहीं, गुजरात में राज्यसभा चुनावों को लेकर सबसे बड़ी और अहम खबर सामने आ रही है। राज्य में भारतीय जनता पार्टी के सभी चार उम्मीदवार आधिकारिक तौर पर निर्विरोध चुन लिए गए हैं। नामांकन वापस लेने की समय-सीमा खत्म होते ही आज चुनाव अधिकारी ने इस बारे में आधिकारिक घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग के नियमों के मुताबिक, आज सभी जीतने वाले उम्मीदवारों को निर्विरोध चुने जाने के विशेष प्रमाण-पत्र भी दिए गए। बीजेपी के ये चार वरिष्ठ नेता अब आने वाले दिनों में दिल्ली में संसद के उच्च सदन में गुजरात का मजबूती से प्रतिनिधित्व करेंगे। गुजरात विधानसभा भवन में नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, चुनाव प्रशासन ने आज आधिकारिक तौर पर नतीजों की घोषणा की।

बीजेपी की ओर से राज्यसभा की इस अहम सीट के लिए चुनाव लड़ने वाले राजू शुक्ला, मानसिंह परमार, जितेंद्र कंजारिया और मुकेश राठवा को विजेता घोषित किया गया है।

# भारतीय जहाजों पर हमले के बीच ट्रंप से आमने सामने बात करेंगे मोदी

**फ्रांस**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की फ्रांस और स्लोवाकिया यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब पूरी दुनिया पश्चिम एशिया संकट, समुद्री व्यापार मार्गों पर हमलों, ऊर्जा संकट और वैश्विक शक्ति संतुलन के नए दौर से गुजर रही है। साथ ही फ्रांस में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होने वाली मुलाकात पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हैं। यह मुलाकात केवल दो नेताओं की सामान्य बातचीत नहीं होगी, बल्कि भारत-अमेरिका संबंधों में उभरे नए तनाव, व्यापार समझौते, हिंद महासागर और पश्चिम एशिया की सुरक्षा तथा चीन के बढ़ते प्रभाव जैसे मुद्दों पर निर्णायक विमर्श का मंच बनेगी। खास बात यह है कि ट्रंप से मुलाकात ऐसे समय हो रही है जब ओमान तट के पास भारतीय जहाजों पर हमला हुआ है और कई भारतीय नागरिक समुद्री हमलों का शिकार बने हैं।



हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा दो हिस्सों में बंटी हुई है। पहले चरण में वह फ्रांस के नीस शहर में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इसके बाद स्लोवाकिया की ऐतिहासिक यात्रा होगी और फिर वह फ्रांस लौटकर एवियन में आयोजित जी-7 सम्मेलन में भाग लेंगे। इस पूरे कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भारत को अब पश्चिमी शक्तियां केवल साझेदार नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था के अनिवार्य स्तंभ के रूप में देख रही हैं। देखा जाये तो फ्रांस यात्रा का सामरिक महत्व अत्यंत व्यापक है। भारत और फ्रांस के बीच विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत हुई है।

# मुश्किल में साथ छोड़ने वाले चूहे नहीं हम, टीएमसी संग

**नई दिल्ली**

**सांसद** कीर्ति आजाद ने गुरुवार को ममता बनर्जी का जोरदार समर्थन किया और कहा कि वह उन चूहों की तरह नहीं हैं जो मुश्किल समय में भाग जाते हैं। कीर्ति आजाद ने बताया कि उन पर कई लोग दबाव डाल रहे हैं, लेकिन वह ऐसे इंसान हैं जो मुश्किल समय में एक-दूसरे का साथ देते हैं। उन्होंने कहा कि ममता दीदी ने उनके लिए बहुत कुछ किया है और वह इस मुश्किल घड़ी में उन्हें धोखा नहीं दे सकते। ळटउ सांसद कीर्ति आजाद




ने कहा कि अब वे मुझ पर दबाव डाल रहे हैं; उन्होंने मेरी सुरक्षा भी हटा दी है। खैर, अगर उन्होंने सुरक्षा हटा दी है, तो ठीक है; हम लड़ेंगे। कीर्ति आजाद ने कहा कि हम साथ खड़े हैं; हम मुश्किल समय में भागने वाले चूहे नहीं हैं। हम ऐसे लोग हैं जो मुश्किल समय में एक-दूसरे का साथ देते हैं।

# एलजी मनोज सिन्हा ने की हाई लेवल मीटिंग, सुरक्षा घेरा को लेकर सख्त निर्देश

**श्रीनगर**

**आगामी** 57 दिवसीय श्री अमरनाथ जी यात्रा को सुरक्षित, सुगम और सफल बनाने के लिए तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं. सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता तीर्थयात्रियों और यात्रा मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है. इसी कड़ी में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की.



वहीं अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 12 जून को नई दिल्ली में एक अहम बैठक की अध्यक्षता कर तैयारियों का व्यापक जायजा लेंगे. इस वर्ष पर्यटकों और श्रद्धालुओं के भारी उत्साह को देखते हुए प्रशासन को रिकॉर्ड संख्या में यात्रियों के आने की उम्मीद है.

यात्रा से जुड़ी कुछ अहम जानकारियां और मुख्य बिंदुः

यात्रा का कार्यक्रमः इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी और पूरे 57 दिन चलकर 28 अगस्त को (श्रावण पूर्णिमा और रक्षा बंधन के अवसर पर) संपन्न होगी. सुरक्षा का अभेद्य घेराः सुरक्षा चाक-चौबंद रखने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज की लगभग 670 कंपनियों की तैनाती को मंजूरी दे दी है. इन बलों की चरणबद्ध तैनाती शुरू भी हो चुकी है।

# राम मंदिर चंदे को लेकर अखिलेश के आरोपों पर पीयूष गोयल का पलटवार

**नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के उन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया, जिनमें अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले चंदे में हेराफेरी की बात कही गई थी। गोयल ने कहा कि जनता को विपक्ष के नेता की बातों पर भरोसा नहीं है। गोयल ने पत्रकारों से कहा कि अखिलेश यादव के ट्वीट को कोई गंभीरता से नहीं लेता। उन्होंने कहा कि जिस तरह अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश को विकास से दूर रखा, वहां अराजकता का माहौल बनाया और भेदभाव की राजनीति को बढ़ावा दिया... उसे देखते हुए जनता उन्हें एक बार फिर नकार देगी। उन्होंने आगे कहा कि सत्ताधारी गठबंधन अपने प्रशासनिक कामकाज के रिकॉर्ड के दम पर अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखेगा।




यादव के सोशल मीडिया पर यह दावा करने के बाद कि भक्तों के चढ़ावे से करोड़ों रुपये गायब हो गए हैं, राजनीतिक विवाद और बढ़ गया। उन्होंने इन गड़बड़ियों को बेहद शर्मनाक और दुनिया भर के लाखों भक्तों की आस्था पर सीधा प्रहार बताया। यादव ने न्यायपालिका से इस मामले का स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया और मंदिर प्रशासन की शुरूआती सफाई को नाकाफी 40-सेकंड का स्पष्टीकरण और महज जुबानी औपचारिकता करार दिया। उन्होंने ट्रस्टियों की पूरी बैठक बुलाने और सुरक्षा फुटेज के साथ नकद राशि की गिनती का मिलान करने की मांग की।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने इस नैरेटिव का जवाब देने के लिए तेजी से कदम उठाए हैं। महंत दिनेन्द्र दास महाराज ने कहा कि ट्रस्ट के सभी वित्तीय फैसलों और लेन-देन का बारीकी से रिकॉर्ड रखा जाता है, उन्हें सामूहिक रूप से संभाला जाता है और उन पर कड़ी निगरानी रखी जाती है।

# 'धार्मिक आयोजनों को राजनीति से दूर रखें', अर्धकुंभ को लेकर राजकुमार ठुकराल के बयान से सियासत गरमाई

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** के अल्मोड़ा में आयोजित कांग्रेस की जनसभा के दौरान पूर्व विधायक द्वारा अर्धकुंभ मेले को लेकर दिया गया बयान अब प्रदेश की राजनीति में बड़ा मुद्दा बन गया है. अपने संबोधन में ठुकराल ने वर्तमान सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में भी राजनीतिक लाभ के लिए हिंदुओं की जान जोखिम में डाली जा सकती है.

राजकुमार ठुकराल ने कहा कि कुंभ मेला केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं से जुड़ा एक अत्यंत संवेदनशील आयोजन है.ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए.उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार इस तरह के आयोजनों को भी राजनीतिक फायदे के नजरिए से देखती है, जो बेहद चिंताजनक है. अपने बयान में ठुकराल ने यह भी कहा कि पहले भी बड़े आयोजनों में लापरवाही और कुप्रबंधन के मामले सामने आते रहे हैं, जिनका बाद में राजनीतिक रूप से इस्तेमाल किया गया.उन्होंने संकेत देते हुए कहा कि अगर समय रहते व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया।

## जेवर से दुनिया तक नई उड़ान

# पूजा-अर्चना के साथ नोएडा एयरपोर्ट संचालन का शुभारंभ

**नोएडा**

**जेवर** स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट परिसर में आज दिनांक 11 जून 2026 को आयोजित पूजा समारोह के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ एयरपोर्ट के नए अध्याय का शुभारंभ किया गया। टर्मिनल फोरकोर्ट एरिया (ईस्ट साइड) में आयोजित इस धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य लोगों ने सहभागिता कर प्रदेश की उन्नति, समृद्धि एवं सफल संचालन की कामना की। इस अवसर पर जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि "नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट केवल एक हवाई अड्डे नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के विकास, निवेश, रोजगार और वैश्विक पहचान का प्रतीक बनने जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है तथा जेवर क्षेत्र आज विश्व पटल पर अपनी पहचान बना रहा है।"

जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आगे कहा कि "भारतीय संस्कृति में हर शुभ कार्य की शुरूआत पूजा-अर्चना एवं वैदिक परंपराओं के साथ करने की परंपरा रही है। इसी भावना के साथ एयरपोर्ट के नए चरण का शुभारंभ सकारात्मक ऊर्जा, आध्यात्मिक वातावरण एवं मंगलकामनाओं के बीच किया गया।" जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि "यह हवाई अड्डा आने वाले समय में लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी तथा व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी।" जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने अंत में बताया कि "नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से 15 जून 2026 से फ्लाइट सेवाओं का संचालन प्रारंभ होने जा रहा है, जो उत्तर प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। एयरपोर्ट के संचालन से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कनेक्टिविटी मजबूत होगी तथा जेवर क्षेत्र देश के सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक एवं औद्योगिक केंद्रों में शामिल होगा।"




जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं, यात्री सुविधाओं एवं संचालन तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने चेक-इन काउंटर, टिकट एवं एयरलाइन सहायता बूथ, इमिग्रेशन बूथ, सुरक्षा जांच काउंटर, कस्टम विभाग, सूचना एवं सहायता केंद्र, बैगेज सहायता काउंटर, मेडिकल एवं इमरजेंसी सहायता बूथ, टैक्सी एवं परिवहन सहायता केंद्र, वीआईपी लाउंज सुविधा, पुलिस सहायता बूथ, फायर एवं आपातकालीन सेवा यूनिट, डिजिटल सूचना एवं शिकायत निवारण केंद्र सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की। इस अवसर पर नोएडा एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी शैलेन्द्र कुमार भाटिया, वाइस चेयरमैन क्रिस्टोफ, मुख्य कार्यकारी अधिकारी नीतू समरा, मुख्य परिचालन अधिकारी किरण जैन, ओआरएटी हेड जान विक्की, हेड एआरएफएफ विनोद कुमार, अभिषेक नाथ, भारती कलप्पा, परविंद कुमार सरोज, सुरभि राणा, दिनेश जमवाल तथा टाटा प्रोजेक्ट डायरेक्टर उन्नी कृष्णा के साथ साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चाका ब्लाक के गोती गांव के पूर्व प्रधान के बेटे की गोली मारकर हत्या

## भूमि विवाद में अज्ञात बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम







**अखंड भारत संदेश**

**करछना प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के गोती गांव में भूमि विवाद को लेकर पूर्व प्रधान के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गुरुवार को पूर्व प्रधान विनोद सिंह का पुत्र कुश सिंह (20) गांव के बाहर किसी कार्य से गया था। यहां पर अज्ञात बदमाशों ने उसको गोली मार दी। घटना के बाद लहूलुहान अवस्था में कुश को एसआरएन अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना के पीछे भूमि के विवाद का मामला सामने आया है। फिलहाल पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। गुरुवार सुबह लगभग 11ः बजे वह घर से कुछ दूर स्थित एक बगिया में गया हुआ था। यहां पर अज्ञात हमलावरों द्वारा उसे गोली मारी गई। जानकारी पर परिवार के लोग इलाज के लिए उसे स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय ले जा रहे थे। रास्ते में ही कुश की सांसें थम गईं।

अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि अभी हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है और न ही हमलावरों की पहचान हो सकी है। प्रथम दृष्टया मामला जमीन विवाद का बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस गांव के बाहर व रास्तों में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। घटना के बाद एसओजी को भी मामले में लगाया गया है।

# दम तोड़ती कुम्हारों की परंपरा : मिट्टी से जुड़ी संस्कृति और आजीविका पर संकट

**संतोष कुमार**



**करछना प्रयागराज।** भारत की पहचान उसकी विविध संस्कृति, लोक परंपराओं और पारंपरिक व्यवसायों से रही है। इन्हीं में से एक है कुम्हारों द्वारा मिट्टी के बर्तन बनाने की कला, जो सदियों से भारतीय जीवन का अभिन्न हिस्सा रही है। कभी गाँवों की सुबह मिट्टी के घड़ों से ठंडा पानी पीने और शाम दीयों की रोशनी से जगमगाने के साथ शुरू होती थी। घर-घर में मटके, सुराही, कुल्हड़, दीये और अन्य मिट्टी के बर्तनों का उपयोग होता था। लेकिन बदलते समय के साथ यह परंपरा धीरे-धीरे समाप्ति की ओर बढ़ रही है। कुम्हार समुदाय की पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही आजीविका आज गंभीर संकट का सामना कर रही है।

आर्थिक दृष्टि से यह व्यवसाय अब पहले जैसा लाभकारी नहीं रहा। मिट्टी के बर्तन बनाने में अत्यधिक श्रम, समय और कौशल की आवश्यकता होती है, लेकिन उसके अनुरूप आय प्राप्त नहीं होती। अच्छी गुणवत्ता की मिट्टी जुटाने, उसे तैयार करने, बर्तन बनाने, सुखाने और पकाने की पूरी प्रक्रिया कठिन और खचीर्ली है। करछना स्थित चाका गांव के छिहत्तर वर्षीय राम लाल प्रजापति 70 के दशक से इस पेशे में अपनी आजीविका चला रहे हैं, उनका मानना है कि मिट्टी के बर्तनों का बाजार में उचित मूल्य नहीं मिल पाता जिसके कारण कुम्हार परिवार आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव नई पीढ़ी पर पड़ रहा है ' आजकल के बच्चे इस परंपरागत कला के प्रति कोई रुचि नहीं ले रहे हैं ' वहीं डांडी के नन्द किशोर ने इस आजीविका के सामने मिट्टी प्रबंधन को सबसे बड़ी चुनौती बताया ' उन्होंने कहा कि मिट्टी के जुगाड़ में हमलोगों का बहुत समय और पूंजी खर्च हो जाती है, सरकार और समाज पूर्णतया उदासीन हैं।

कुम्हार गेमराज ने कहा कि हम लोग आज भी गांवों के स्थानीय हाट-बाजारों तक ही सीमित हैं जबकि देश में बड़े - बड़े आधुनिक व्यापारिक नेटवर्क काम करने लगे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्लास्टिक से बने सामानों का बड़े पैमाने पर चलन ने हमारी परंपरा को जख्मी किया है' कौंधियारा के राम भरोसे ने विश्वास व्यक्त किया कि यदि विद्युत चालित चाक, उपयुक्त मिट्टी, बर्तन पकाने के लिए लोहे की भट्ठी और आधुनिक बाजारी व्यवस्था में हिस्सेदारी आदि मिल जाय तो हम सबके जीवन में न केवल क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा बल्कि पर्यावरण सन्तुलन में हमारी भी भूमिका गणनीय हो जाएगी।

दर-असल, सच यह है कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से मिट्टी के उत्पाद आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। जब पूरी दुनिया प्लास्टिक प्रदूषण से जूझ रही है, तब मिट्टी के बर्तन पूरी तरह प्राकृतिक, जैविक और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प प्रस्तुत करते हैं। कुम्हारों की समस्या केवल एक समुदाय की समस्या नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण का प्रश्न भी है।

समय की मांग है कि सरकार, कॉर्पोरेट क्षेत्र, स्वयंसेवी संस्थाएँ और समाज मिलकर इस दिशा में ठोस प्रयास करें। कुम्हारों को आधुनिक डिजाइन, तकनीकी प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, आसान ऋण, डिजिटल विपणन और स्थायी बाजार उपलब्ध कराए जाएँ।

कुम्हारों के चाक की गति केवल मिट्टी को आकार नहीं देती, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और आत्मनिर्भरता को भी आकार देती है। आवश्यकता इस बात की है कि हम समय रहते इस विरासत को बचाने के लिए आगे आएँ, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी मिट्टी की उस सोंधी खुशबू और उससे जुड़ी भारतीयता को महसूस कर सकें।

# पंचायत चुनाव की अंतिम मतदाता सूची जारी, 92 हजार वोटर बढ़े कोरांव ब्लॉक में सर्वाधिक 2,48,542 वोटर्स

**प्रयागराज।** जिले में पंचायत निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन बुधवार को कर दिया गया। प्रयागराज में 34 लाख 95 हजार 195 मतदाता दर्ज किए गए हैं। इनमें 18 लाख 58 हजार 170 पुरुष और 16 लाख 37 हजार 25 महिला वोटर शामिल हैं। पिछली सूची की तुलना में इस बार मतदाताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कुल 92,345 नए मतदाता जोड़े गए हैं। यह वृद्धि पंचायत चुनावों में लोगों की बढ़ती भागीदारी को दशार्ती है। प्रशासन ने मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया था। इस प्रक्रिया में कई नए नाम जोड़े गए और पुराने नाम हटाए गए। साथ ही बड़ी संख्या में डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम काटे गए। विकास खंडवार जारी की गई मतदाता सूची के अनुसार कोरांव ब्लॉक में सर्वाधिक मतदाता दर्ज किए गए हैं जिनकी संख्या दो लाख 48 हजार 542 है। यहां एक लाख 33 हजार 548 पुरुष और एक लाख 14 हजार 994 महिला मतदाता हैं। सबसे कम 50 हजार 476 मतदाता मतदाता चाका विकास खंड में हैं। मतदाता संख्या के हिसाब से दूसरे नंबर पर सैदाबाद विकास खंड है जहां दो लाख 16 हजार 39 मतदाता हैं।

विकास खंडवार मतदाताओं का विवरण -

| ब्लॉक | कुल ग्राम पंचायतें | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| मेजा | 75 | 87,916 | 75,268 | 1,63,184 |
| उरुवा | 66 | 97,307 | 84,339 | 1,81,646 |
| बहरिया | 87 | 1,00,974 | 89,867 | 1,90,841 |
| कोरांव | 115 | 1,33,548 | 1,14,994 | 2,48,542 |
| जसरा | 63 | 78,812 | 68,632 | 1,47,444 |
| बहादुरपुर | 66 | 82,358 | 70,739 | 1,53,097 |
| सैदाबाद | 93 | 1,13,816 | 1,02,223 | 2,16,039 |
| कौंधियारा | 57 | 67,095 | 56,710 | 1,23,805 |
| करछना | 80 | 1,01,995 | 87,659 | 1,89,654 |
| मऊआइमा | 56 | 82,306 | 75,443 | 1,57,749 |
| धनूपुर | 108 | 1,09,033 | 98,566 | 2,07,599 |
| कौड़िहार | 36 | 40,984 | 35,562 | 76,546 |
| सोरांव | 48 | 62,979 | 56,365 | 1,19,344 |
| हंडिया | 80 | 96,399 | 86,288 | 1,82,687 |
| मांडा | 69 | 87,710 | 76,644 | 1,64,354 |
| प्रतापपुर | 83 | 1,07,286 | 96,256 | 2,03,542 |
| फूलपुर | 67 | 76,695 | 69,569 | 1,46,264 |
| शंकरगढ़ | 76 | 74,459 | 65,714 | 1,40,173 |
| चाका | 21 | 27,042 | 23,434 | 50,476 |
| होलागढ़ | 53 | 61,340 | 54,117 | 1,15,457 |
| सहसों | 45 | 43,319 | 38,652 | 81,971 |
| शृंग्वेरपुर धाम | 51 | 64,682 | 58,711 | 1,23,393 |
| भगवतपुर | 45 | 60,115 | 51,273 | 1,11,388 |
| योग | 1540 | 18,58,170 | | |

# जनगणना कार्य में उत्कृष्ट योगदान पर सहसों में प्रगणक एवं सुपरवाइजर हुए सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** राष्ट्रीय जनगणना कार्य के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान गणना का कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने वाले प्रगणकों एवं सुपरवाइजर को गुरुवार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह कार्यक्रम थानापुर स्थित विकासखंड सहसों के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी फूलपुर अविनाश यादव ने प्राथमिक विद्यालय तुलापुर की शिक्षिका शशि मिश्रा, कंपोजिट विद्यालय सिकंदरा की शिक्षिका नीरजा द्विवेदी, प्राथमिक विद्यालय भरतपुर की शिक्षिका श्वेता मालवीय तथा सुपरवाइजर अनिल कुमार भारतीय को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अविनाश यादव ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं और नीतियों का आधार होती है। ऐसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को समयबद्ध और जिम्मेदारीपूर्वक संपन्न करने में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने सभी सम्मानित कर्मियों की सराहना करते हुए उनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को प्रेरणादायी बताया। खंड शिक्षा अधिकारी सहसों वरुण कुमार मिश्रा ने भी शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उन्होंने पूरी निष्ठा, लगन और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। उन्होंने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान आशीष सिंह, अंकित ओझा, आनंद मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिव महापुराण की कथा सबसे आसान मुक्ति का साधन है : सूरज महाराज

**अखंड भारत संदेश**




**धनूपुर।** सर्व धर्म समन्वय समिति श्री हरिहर धाम कुन्दौरा महादेव मंदिर प्रांगण में चल रही अष्टम श्री शतरुद्र महायज्ञ एवं सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा में कथा व्यास आचार्य पंडित सूरज महाराज ने कथा के तीसरे दिन गुरुवार को कहा कि जो मनुष्य स्वयं को शिव भक्ति में अर्पित कर देता है, वह जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त हो जाता है। महाराज ने बताया कि जीवन नश्वर है और इसकी सार्थकता शिव की भक्ति में ही निहित है। कलयुग में शिव महापुराण की कथा सबसे आसान मुक्ति का साधन है जो शिव कथा का श्रवण करता है, उसके सात जन्मों के पाप भी कट जाते हैं। उन्होंने महादेव की भक्ति और उन्हें प्रसन्न करने के उपाय भी बताए। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि शिव ही ऐसे देवता हैं जो भक्त की भक्ति से जल्द प्रसन्न होते हैं और कल्याण करते हैं। शिव की भक्ति कर इस संसार रूपी भवसागर को पार कर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। कथा के बीच-बीच में गाए गए मधुर भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर नाचते-झूमते नजर आए। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस कथा को सुनने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में महिला-पुरुष पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य यजमान स्वामी मतेश्वरानंद महाराज एवं पंडित अरुण उपाध्याय, डाक्टर विश्राम यादव अपर आयुक्त, सुनील जायसवाल जीएसटी कमिश्नर, सुयोग्य पांडेय प्रधानाचार्य, सुरेश तिवारी, थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, समिति अध्यक्ष जवाहर लाल गोंड, संरक्षक सतेंद्र पांडेय, प्रबंधक विजय बहादुर यादव, यज्ञाचार्य पंडित अशोक शुक्ल, पंडित अंबुज द्विवेदी, पंडित शेखर तिवारी, पंडित मनीष पांडेय, पंडित शुभम तिवारी, श्रीश द्विवेदी, विवेक शुक्ला, विकास इलाहाबादी, शिवकुमार तिवारी तेजस्वी, सुमित तिवारी, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, आदर्श दुबे, मातेश्वर तिवारी, प्रहलाद प्रजापति, नंदलाल यादव, चंचल गुप्ता आशाराम गोंड, भोलानाथ यादव, रमन गोंड सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर श्रद्धांजलि युवाओं से उनके आदर्श अपनाने का किया आह्वान

**सहसों।** भारत माता की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले महान क्रांतिकारी अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती के अवसर पर सहसों के गारापुर स्थित नवयुवक ब्राह्मण समाज के केंद्रीय कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके राष्ट्रभक्ति और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए संगठन के संस्थापक एवं अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्रा ने कहा कि पंडित राम प्रसाद बिस्मिल भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी चिंतक और प्रखर राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने ह्यसरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में हैह्न जैसे अमर गीतों के माध्यम से देशवासियों में स्वतंत्रता की अलख जगाते अमर हो गए। उन्होंने हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा वर्ष 1925 के ऐतिहासिक काकोरी ट्रेन एक्शन का नेतृत्व कर ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी। उन्होंने बताया कि काकोरी कांड के आरोप में अंग्रेज सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था और 19 दिसंबर 1927 को मात्र 30 वर्ष की आयु में गोरखपुर जेल में उन्हें फांसी दे दी गई। उनका बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। पंडित लवकेश मिश्रा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे राम प्रसाद बिस्मिल के राष्ट्रप्रेम, साहस, त्याग और दृढ़ संकल्प को अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि बिस्मिल के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और देशहित के लिए उनके आदर्श नई पीढ़ी को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर प्रमोद शुक्ला, विजय तिवारी, राजमणि शुक्ला, अनुराग मिश्रा, प्रवेश शुक्ला, डॉ. ए.एन. मिश्र, आशीष शुक्ला, विवेक, विनय, सूर्यमणि पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग अमर शहीद को नमन करते उपस्थित रहे।

# हमीरपुर जिले में ब्लाक मौदहा में तैनात करछना निवासी पंचायत सचिव की फांसी से लटका मिला शव

**अखंड भारत संदेश**



**करछना प्रयागराज ।** करछना क्षेत्र निवासी ग्राम सचिव का फंदे से लटका मिला शव, करछना कैथी गांव के सृष्टि पटेल भट्ठा मालिक के दूसरे नम्बर के बेटे थे राजू सिंह पटेल विकास खंड मौदहा जिला हमीरपुर में तैनात ग्राम सचिव राजू सिंह पटेल (38) का शव गुरुवार को नगर के मराठीपुरा मोहल्ले स्थित किराये के कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रयागराज के करछना तहसील क्षेत्र अंतर्गत कैथी गांव निवासी सृष्टि पटेल भट्ठा मालिक के दूसरे नम्बर के बेटे थे। राजू सिंह पटेल सिगरेटरी पद पर तैनात ग्राम पंचायत कुनहेटा, हिमौली और लदारपारा ग्राम पंचायतों में सचिव के पद पर कार्यरत थे। सहकर्मियों के अनुसार सुबह करीब 10:16 बजे तक वह मोबाइल पर सक्रिय थे और ग्राम हिमौली की सफाई कार्य की फोटो भी देखी थी। इसके बाद उनका फोन बंद हो गया।

फोन बंद मिलने पर चालक सुनील कुमार ने उनकी पत्नी को सूचना दी। पत्नी के कहने पर साथी कर्मचारियों ने कमरे का ताला खोलकर देखा तो सचिव का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। और पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है।

# संगठन सर्वोपरि, दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें : अमरनाथ यादव

## भाजपा यमुनापार जिला की मासिक बैठक में आगामी अभियानों की बनी रणनीति

**अखंड भारत संदेश**



**करछना (प्रयागराज)।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज यमुनापार ज़िले की मासिक बैठक गुरुवार को रामपुर कैंप कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी यमुनापार अमरनाथ यादव उपस्थित रहे। उन्होंने संगठनात्मक विगत कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों की विस्तृत रूपरेखा तय की। मुख्य अतिथि अमरनाथ यादव ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करें तथा संगठन के निदेर्शों को प्राथमिकता देते हुए यमुनापार की चारों विधानसभाओं में भाजपा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा, ₹संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ता ही भविष्य की विजय का आधार बनता है, इसलिए व्यक्तिगत आग्रहों से ऊपर उठकर संगठन हित को सर्वोच्च रखें।

जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए पदाधिकारियों को आगामी कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां सौंपीं। उन्होंने कहा, ₹यमुनापार का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति है और हम सभी मिलकर आगामी अभियानों को शत-प्रतिशत सफलता दिलाने के लिए पूरी क्षमता के साथ कार्य करेंगे।₹

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप पांडेय ने किया तथा आभार जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी ने व्यक्त किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष, जिला मंत्री, आईटी, सोशल मीडिया, मीडिया, कार्यालय मंत्री एवं मोर्चों के जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रगति की समीक्षा की

## टॉप टेन पेण्डेंसी वाले वेण्डरों के विरूद्ध कार्रवाई करने के दिए निर्देश

- बैंक एवं विद्युत विभाग को लम्बित सभी पेण्डेंसी को शीघ्रता से निस्तारित करते हुए विद्युत विभाग को ज्यादा से ज्यादा सोलर कनेक्शन कराये जाने के दिए निर्देश
- जिलाधिकारी ने कहा-एक ग्राम का सोलर ग्राम के रूप में चयन कर गांव के शत-प्रतिशत घरों में कराये सोलर कनेक्शन



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी तथा सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सौर ऊर्जा कनेक्शन के लिए प्राप्त आवेदन, स्वीकृत आवेदन एवं लम्बित आवेदन, डिस्कॉम, बैंक एवं वेण्डर्स द्वारा आवेदन निस्तारण एवं लम्बित आवेदनों की स्थिति, विद्युत विभाग के अन्तर्गत निरीक्षण हेतु लम्बित प्रकरण एवं पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनान्तर्गत बैंक स्तर पर लोन निर्गत/पार्शियल पेमेण्ट सम्बंधित लम्बित प्रकरणों के बारे में विस्तार से समीक्षा की गयी।जिलाधिकारी ने पीओनेडा से पीएम सूर्यघर योजना के प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होंने पीओ नेडा से टॉप टेन पेण्डेंसी वाले वेण्डरों के विरूद्ध कार्रवाई हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने के लिए कहा है। उन्होंने पीओ नेडा से सौर ऊर्जा कनेक्शन के लिए प्राप्त आवेदन, स्वीकृत आवेदन एवं लम्बित आवेदन की स्थिति की जानकारी ली, जिसपर बताया गया कि कुल 33995 आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें 33978 आवेदन स्वीकृत हुए है तथा 32823 आवेदन के लिए वेण्डर का सेलेक्शन हो चुका है, जिसमें से 19955 में इंस्टालेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने पीओ नेडा को विद्युत विभाग व बैंक के अधिकारियों एवं पीएम सूर्यघर योजना व क्लीन एनर्जी का वेण्डरों एवं लक्षित विभाग के साथ बैठक कर पेंडेसी को समाप्त करने और उपभोक्ताओं का चिन्हांकन करने के लिए कहा है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक वेण्डर को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का जो लक्ष्य तय किया गया है, उस लक्ष्य के अनुसार हर घर में सोलर सिस्टम लगाने के लिए प्राथमिकता पर कार्यवाही करें। उन्होंने विद्युत विभाग के सभी अधिकारियों को उनके स्तर पर पीएम सूर्यघर योजना से सम्बंधित लम्बित सभी पेण्डेंसी को अभियान चलाकर प्राथमिकता पर निस्तारित करते हुए ज्यादा से ज्यादा सोलर कनेक्शन कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने बैठक में उपस्थित एलडीएम से बैंक स्तर पर लम्बित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द पेण्डेंसी को समाप्त कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना के वेण्डरों के द्वारा सोलर सिस्टम लगाये जाने में अच्छा काम करने वाले वेंडरों को प्रमोट करें।जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित एडीओ पंचायतों से प्रत्येक विकास खण्ड में एक ग्राम का सोलर ग्राम के रूप में चयन करते हुए गांव के शत-प्रतिशत घरों में सोलर कनेक्शन कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने सभी आवासों में पीएम सूर्यघर योजना के तहत सोलर सिस्टम लगाये जाने के लिए निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना फ्लैगशिप स्कीम है, जिसमें घरों में सोलर कनेक्शन लगाये जाने पर सरकार के द्वारा सब्सिडी प्रदान की जा रही है और सोलर कनेक्शन होने से विद्युत खपत में कमी आयेंगी तथा विद्युत बिल में बचत भी होगी, इसलिए सभी लोग इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी, पीओ नेडा श्रीमती कोमिल द्विवेदी, विद्युत विभाग के अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल बाढ़, डूबने और अग्निकांड से निपटने का किया गया अभ्यास

सेना, एसडीआरएफ, पीएसी, जल पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लिया हिस्सा, बचाव और राहत कार्यों का किया गया प्रदर्शन





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को जिले में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशन में आयोजित इस अभ्यास में बाढ़, नाव दुर्घटना, डूबने, अग्निकांड और नदी कटान जैसी आपदाओं से निपटने की तैयारियों को परखा गया।जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित मॉक ड्रिल जिले की विभिन्न तहसीलों के चिन्हित स्थलों पर एक साथ संचालित की गई। सदर तहसील के वीआईपी घाट और किला घाट पर नाव पलटने व डूबने की स्थिति, करछना के अरैल और सोरांव के फाफामऊ में बाढ़ में फंसे लोगों के रेस्क्यू, बारा और सैदाबाद में अग्निकांड से बचाव तथा मेजा क्षेत्र में नदी कटान की आपदा से निपटने का अभ्यास किया गया।मॉक एक्सरसाइज के दौरान परिकल्पित स्थिति के अनुसार गंगा का जलस्तर बढ़ने और लोगों के बाढ़ में फंसने की सूचना पर एसडीआरएफ, जल पुलिस, पीएसी और सेना की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव अभियान चलाया। जवानों और गोताखोरों की मदद से फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया तथा उन्हें मेडिकल कैंप तक पहुंचाकर स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार की व्यवस्था की गई।अभ्यास में पुलिस, अग्निशमन विभाग, नागरिक सुरक्षा, होमगार्ड, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, एनसीसी, आशा और एएनएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभ्यास का उद्देश्य आपदा के समय विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना और राहत कार्यों की तैयारियों को मजबूत बनाना है।इस दौरान लोगों को डूबने की घटनाओं से बचाव के संबंध में भी जागरूक किया गया। विशेषज्ञों ने आपात स्थिति में तुरंत सहायता बुलाने, सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने तथा बिना प्रशिक्षण के जोखिमपूर्ण बचाव कार्य न करने की सलाह दी। साथ ही बच्चों की सुरक्षा, जल स्रोतों के आसपास सतर्कता और प्राथमिक उपचार संबंधी आवश्यक जानकारियां भी साझा की गईं।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज, 21 जून को संगम नोज पर होगा सामूहिक योगाभ्यास, योग सप्ताह में होंगे विविध आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। गुरुवार को संगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी योग दिवस का मुख्य आयोजन 21 जून को संगम नोज पर भव्य रूप से किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, सामाजिक संगठन और बड़ी संख्या में आम नागरिक सामूहिक योगाभ्यास करेंगे।

बैठक में आयोजन स्थल पर मंच, मैट, पेयजल, पार्किंग, यातायात, सुरक्षा, चिकित्सा, ध्वनि और प्रकाश व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस, चिकित्सा टीम और आवश्यक दवाओं की व्यवस्था करने को कहा गया है।

जिलाधिकारी ने तहसील, ब्लॉक और जिला स्तर पर भी योग कार्यक्रम आयोजित करने तथा प्रमुख मंदिरों, पार्कों, सरोवरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर योगाभ्यास सत्र कराने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने कहा कि 15 से 21 जून तक योग सप्ताह के दौरान जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. नवीन सोनी ने बताया कि योग सप्ताह का शुभारंभ 15 जून को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद उद्यान में सामूहिक योगाभ्यास के साथ होगा। इसके अलावा ह्यरन फॉर योगह्न, पैदल यात्रा और जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिले के सभी विकासखंडों में योग प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएंगे, जहां प्रशिक्षित योग शिक्षकों की तैनाती रहेगी।


बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि आयुष मंत्रालय की पहल के तहत ऑनलाइन योग सत्र के माध्यम से विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से इसमें शामिल होकर विश्व रिकॉर्ड का हिस्सा बन सकते हैं। साथ ही योग दिवस के अवसर पर स्लोगन लेखन, चित्रकला और योगासन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा, जिनमें प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सामाजिक एवं योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और आयोजन को सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

# डा अभिषेक वर्मा का मार्गदर्शन और नेतृत्व कार्यकर्ताओं के लिए है प्रेरणास्त्रोत : रुचि तिवारी

मिशन 2027 को लेकर सक्रिय हुई शिवसेना (शिंदे गुट),संगठन विस्तार पर पार्टी दे रही है जोर मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. अभिषेक वर्मा से प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी की शिष्टाचार मुलाकात कर भेंट की, राधाकृष्ण और हनुमान जी की दिव्य प्रतिमा, संगठन सुदृढ़ी करण पर हुई विस्तार से चर्चा

**अखंड भारत संदेश**



मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक डॉ अभिषेक वर्मा से शिष्टाचार मुलाकात करती रुचि तिवारी

**मेजा।** आगामी 2027 में विधान सभा चुनावों को लेकर शिवसेना (शिंदे गुट) ने उत्तर प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों को तेज कर दिया है जिसके क्रम में पार्टी की प्रदेश सचिव श्रीमती रुचि अभिषेक तिवारी ने मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. अभिषेक वर्मा से शिष्टाचार भेंट कर संगठन विस्तार एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। भेंटवार्ता के दौरान उत्तर प्रदेश में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, नए कार्यकताओं को जोड़ने, जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने तथा आगामी चुनावी तैयारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि आगामी विधानसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लिए जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में नई दिल्ली में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एवं शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में विभिन्न राज्यों के पदाधिकारियों एवं प्रदेश प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई थी। बैठक में लगभग 20 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। इस दौरान श्री शिंदे ने संगठन को गांव, वार्ड एवं बूथ स्तर तक मजबूत करने, जनसंपर्क बढ़ाने तथा प्रत्येक राज्य में पार्टी की सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए थे। इसी रणनीति के तहत उत्तर प्रदेश में भी संगठन विस्तार अभियान को गति दी जा रही है। प्रदेश सचिव श्रीमती रुचि अभिषेक तिवारी ने कहा कि डॉ. अभिषेक वर्मा का मार्गदर्शन एवं नेतृत्व कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके निर्देशन में संगठन को नई ऊर्जा एवं दिशा प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश के सभी जिलों में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और आम जनता से सीधे संवाद स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर श्रीमती तिवारी ने श्रद्धा एवं सम्मान स्वरूप डॉ. अभिषेक वर्मा को श्री राधा-कृष्ण एवं संकट मोचन हनुमान जी की दिव्य प्रतिमा भेंट की। उन्होंने इसे भारतीय संस्कृति, आस्था एवं राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक बताया। श्रीमती तिवारी ने शिवसेना उत्तर प्रदेश प्रमुख अभय द्विवेदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व का सतत मार्गदर्शन और सहयोग संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार,शिवसेना (शिंदे गुट) आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश भर में संगठन सुदृढ़ीकरण अभियान, कार्यकर्ता सम्मेलन,जनसंवाद कार्यक्रम एवं सदस्यता अभियान चलाने की तैयारी कर रही है,जिससे पार्टी के जनाधार को मजबूत किया जा सके।

# बालश्रम से बच्चों का बचपन बचाना ही सच्चे मायने में है राष्ट्र निर्माण : अजीत सिंह

अंतरराष्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस पर काशी प्रसाद इंटर कालेज कठौली के डायरेक्टर दी प्रतिक्रिया कहा बालश्रम जैसे कुप्रथा के खिलाफ समाज को आना होगा आगे,लेना होगा संकल्प,बालश्रम कराना है एक सामाजिक अपराध

**(चन्द्रमा प्रसाद/अतुल तिवारी)**

**मेजा।** बचपन किसी भी राष्ट्र की सबसे अमूल्य धरोहर होता है। जिन हाथों में कलम व किताबें होनी चाहिए, यदि उन्हीं हाथों में मजदूरी का बोझ आ जाए, तो यह केवल उस बच्चे का ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के भविष्य का नुकसान है। उक्त बातें काशी प्रसाद इंटर कालेज के डायरेक्टर एवं शिक्षक अजीत सिंह ने बाल श्रम पर विशेष टिप्पणी देते हुए व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स,अंतरिक्ष विज्ञान और आधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। नई-नई खोजें मानव जीवन को सरल, सुरक्षित और समृद्ध बनाने का कार्य कर रही हैं। विश्व के अनेक देश तकनीकी विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं और भारत भी इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्री सिंह ने कहा कि हमारा देश चंद्रमा की सतह पर अपनी सफलता का परचम लहरा चुका है, डिजिटल क्रांति का नेतृत्व कर रहा है और विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी

मजबूत पहचान बना रहा है। यह प्रत्येक देशवासी के लिए गर्व की बात है,लेकिन इस गौरवशाली तस्वीर का एक दूसरा पहलू भी है, जो अत्यंत पीड़ादायक और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि आज भी देश में लाखों बच्चे ऐसे हैं, जो अपने बचपन को भूलकर बाल श्रम करने के लिए मजबूर हैं। कोई चाय की दुकान पर बर्तन साफ कर रहा है, कोई ईंट-भट्टों पर मजदूरी कर रहा है, कोई कारखानों में काम कर रहा है तो कोई घरों में घरेलू सहायकों के रूप में कार्य कर रहा है। शिक्षा जगत से जुड़े शिक्षक श्री सिंह कहते हैं कि जिन मासूम हाथों में खिलौने और किताबें होनी चाहिए, वे जीवन की कठोर परिस्थितियों का बोझ उठाने के लिए विवश हैं।यह स्थिति केवल आर्थिक पिछड़े पन का संकेत नहीं, बल्कि सामाजिक

असमानता और मानवीय संवेदनाओं की परीक्षा भी है। इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति क्या हो सकती है कि एक ओर हम चाँद पर बसने के सपने देख रहे हैं और दूसरी ओर अपने ही देश के नौनिहालों को दो वक्त की रोटी, शिक्षा और सुरक्षित बचपन उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमें यह समझना होगा कि कोई भी माता-पिता अपनी इच्छा से अपने बच्चों को बाल श्रमिक नहीं बनाना चाहता। हर माता पिता का सपना होता है कि उसका बच्चा पढ़-लिखकर एक अच्छा इंसान बने और सम्मान जनक जीवन जिए। लेकिन गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, सामाजिक विषमता और

आर्थिक मजबूरियाँ उन्हें अपने बच्चों को मजदूरी के करने लिए भेजने पर विवश कर देती हैं। कई बार परिवार



डायरेक्टर अजीत सिंह

की आजीविका का एकमात्र सहारा बच्चे ही बन जाते हैं। ऐसे में बाल श्रम केवल एक कानूनी अपराध नहीं,बल्कि एक सामाजिक और आर्थिक समस्या भी है। डायरेक्टर अजीत सिंह ने कहा कि बाल श्रम बच्चों से जहां उनका बचपन छीन लेता है वहीं उनके शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और भावनात्मक विकास को भी बाधित करता है। मजदूरी करने वाला बच्चा शिक्षा से दूर हो जाता है, जिसके कारण वह जीवन भर गरीबी और अभाव के दुष्चक्र में फँसा रह जाता है। एक अशिक्षित बच्चा न केवल अपने भविष्य को खो देता है, बल्कि राष्ट्र की विकास यात्रा में भी पीछे छूट जाता है। इसलिए बाल श्रम का उन्मूलन केवल बच्चों के हित में नहीं, बल्कि देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए भी आवश्यक है। सरकार द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के लिए अनेक कानून और योजनाएँ बनाई गई हैं। शिक्षा का अधिकार, निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा, मध्याह्न भोजन योजना, छात्रवृत्ति योजनाएँ तथा बाल श्रम निषेध से संबंधित कानूनी प्रावधान इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। लेकिन केवल योजनाएँ बनाना पर्याप्त नहीं है। आवश्यकता है उनके प्रभावी और ईमानदार क्रियान्वयन की। उन्होंने कहा कि इस गंभीर विषय पर समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

यदि कोई व्यक्ति अपने घर, दुकान, होटल या किसी भी प्रतिष्ठान पर बाल श्रमिकों से काम करवाता है, तो वह केवल कानून का उल्लंघन नहीं करता, बल्कि एक बच्चे के भविष्य को अंधकार में धकेलने का अपराध भी करता है। उन्होंने लोगों से बाल श्रम का समर्थन न करने और न ही किसी अन्य को ऐसा करने देने का संकल्प लेने की पुरजोर अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं बाल श्रम होता दिखाई दे, तो संबंधित प्रशासन को सूचना देकर उस बच्चे को शिक्षा और सुरक्षा दिलाने का प्रयास करने का आह्वान किया है।शिक्षक, सामाजिक संगठन, प्रशासन, उद्योग जगत और आम नागरिक सभी की साझा जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा मजदूरी करने के लिए विवश न हो। यदि समाज और सरकार मिलकर ठोस इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें, तो वह दिन दूर नहीं जब भारत बाल श्रम मुक्त राष्ट्र के रूप में विश्व के सामने उदाहरण प्रस्तुत करेगा।अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर आइए हम सब यह संकल्प लें कि किसी भी बच्चे का बचपन आर्थिक मजबूरियों की भेंट नहीं चढ़ने देंगे। हम शिक्षा को बढ़ावा देंगे, बाल श्रम का विरोध करेंगे और समाज के कमजोर वर्गों के बच्चों को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। क्योंकि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति केवल तकनीकी उपलब्धियों से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से मापी जाती है कि वहाँ का प्रत्येक बच्चा कितना सुरक्षित, शिक्षित और खुशहाल है। आइए, हम सब मिलकर ऐसा भारत बनाने का संकल्प लें, जहाँ हर बच्चे के हाथ में किताब हो, आँखों में सपने हों, चेहरे पर मुस्कान हो और भविष्य उज्ज्वल हो। चाँद पर पहुँचने से पहले हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे देश का कोई भी नौनिहाल अपने बचपन से वंचित न रहे। क्योंकि बच्चों का बचपन बचाना ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र निर्माण है।

## अवैध मिट्टी खनन जोरों पर

**प्रयागराज।** प्रयागराज जिले में रात के समय यमुनानगर बारा तहसील .थाना कौंधियारा .जारी चौकी के 900 मीटर के अंतर्गत लोटाढ गांव में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार जोरों पर है, जिसमें खनन माफिया बिना अनुमति के जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का खुलेआम इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस की मिली भगत, से की जा रही है?

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मूल विक्रय विलेख दिनांक 05/03/2008, जिसका पुस्तक संख्या-1, जिल्द 1384, पृष्ठ 147/166, क्रम संख्या 881अंकित है। जिसका प्रॉपर्टी का पता - आराजी न० 29 मि० मौजा तिगनौता परगना अरैल तहसील करछना प्रयागराज वास्तव में खो गया। **नामः श्री मती भावना सिंह, पति :डा0 धीरेन्द्र सिंह, स्थायी पता - मकान नं0 196 बी आजाद वायन साउथ मलाका प्रयागराज-211001, मोबाइल नंबर -7617817893**

## एलएलबी की परीक्षा में नकल करते हुए पकड़ा गया परीक्षार्थी

**पट्टी। स्थानीय** स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी में चल रही प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज की सम-सेमेस्टर परीक्षा में बृहस्पतिवार को एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में एक छात्र को नकल करते हुए महाविद्यालय के आन्तरिक सचल दल ने पकड़ लिया। उसे तत्काल प्रभाव से अनुचित साधन प्रयोग के अन्तर्गत दोषी मानते हुए केन्द्राध्यक्ष द्वारा रिस्टीकेट कर दिया। परीक्षा प्रभारी डॉ अनिल यादव ने बताया कि वह छात्र त्रिलोकी नाथ मिश्र विधि महाविद्यालय डेईडीह धौरहरा सराय मधई पट्टी में पंजीकृत है। उक्त जानकारी महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ वीरेन्द्र कुमार मिश्र ने दी है।

## गैर समुदाय के युवक पर नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

**पट्टी। कोतवाली** क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने पड़ोसी गांव के गैर समुदाय के एक युवक पर किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। साथ ही धर्मांतरण कराए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। परिजनों के अनुसार किशोरी बुधवार देर रात घर से अचानक लापता हो गई। गुरुवार सुबह जानकारी होने पर परिवार के लोगों ने रिश्तेदारों व संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजन सुबह करीब 11 बजे पट्टी कोतवाली पहुंचे और आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि युवक काफी समय से किशोरी के संपर्क में था और उसे अपने प्रभाव में लेकर घर से भगा ले गया। परिजनों ने आशंका जताई है कि किशोरी का धर्मांतरण कराने का प्रयास भी किया जा सकता है। घटना के बाद परिवार में चिंता और आक्रोश का माहौल है। कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। किशोरी की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा जांच के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सार्वजनिक रास्ता बंद किए जाने की शिकायत एसडीएम से

**पट्टी। तहसील** क्षेत्र के डेईडीह धौरहरा गांव निवासी शालिग्राम यादव ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के सार्वजनिक रास्ते को बंद कर दिया गया है, जिससे लोगों के आवागमन में गंभीर परेशानी हो रही है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि रास्ता अवरुद्ध होने से ग्रामीणों को दैनिक कार्यों के लिए आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर रास्ता खुलवाने की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम पूरेंद्र मिश्रा ने बताया कि शिकायत पत्र प्राप्त हो गया है। मामले की जांच कराई जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पारिवारिक विवाद में दंपति पर हमला

**पट्टी। कोतवाली** क्षेत्र के दाउदपुर गांव में पारिवारिक विवाद ने गुरुवार को हिंसक रूप ले लिया। गांव निवासी रीता पाठक पत्नी अन्तिम शंकर पाठक ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि परिवार के ही कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की, जिसमें वह और उनके पति घायल हो गए। पीड़िता के अनुसार गुरुवार की दोपहर घर पर किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि उनकी जेठानी, उसकी बहन, बेटी और बेटे ने मिलकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब उनके पति अन्तिम शंकर पाठक बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपितों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। पीड़िता का कहना है कि मारपीट के दौरान पति-पत्नी दोनों को चोटें आईं। घटना के बाद दोनों ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। मामले को लेकर गांव में भी कुछ समय तक तनाव की स्थिति बनी रही। रीता पाठक ने पुलिस से आरोपितों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने तथा सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।इस संबंध में कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हो गया है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## विवाहिता की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़। लालगंज** क्षेत्र के भदारी कला कलंदर निवासी संदीप कुमार की पत्नी लक्ष्मी 18 की बीमारी के चलते बुधवार को मृत्यु हो गयी। विवाहिता की मौत पर परिजनों मे कोहराम मच गया। लक्ष्मी को पेट में दर्द की शिकायत पर परिजन आननफानन मे लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये।

# जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया संवाद

**प्रतापगढ़। केंद्र** सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज तुलसी सदन (हादीहाल) में विशेष जनसंपर्क एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने व्यापारियों, उद्यमियों तथा सामाजिक कार्यकताओं के साथ संवाद स्थापित कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की।




विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों एवं विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त हो रही है तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी विभाग जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने उपस्थित उद्यमियों, व्यापारियों एवं सामाजिक कार्यकताओं से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अन्य लोगों तक भी पहुंचाएं, जिससे अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन द्वारा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा गरीब, किसान, महिला, युवा, व्यापारी एवं उद्यमी वर्ग के हित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। जनकल्याण एवं सुशासन की भावना के साथ संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे जनसंपर्क कार्यक्रमों से सरकार और समाज के बीच संवाद मजबूत होता है तथा योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों, उद्यमियों एवं सामाजिक कार्यकताओं को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, स्वरोजगार कार्यक्रमों, औद्योगिक प्रोत्साहन योजनाओं एवं अन्य विकासपरक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उनके सुझाव एवं विचार भी प्राप्त किए गए। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग साहब शरण रावत, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, उद्यमी, व्यापारी, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा विभिन्न वर्गों के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करना रहा।

## एक ही दिन पूर्व प्रधान व पुत्रवधू के निधन पर बिलखे परिजन

**लालगंज। स्थानीय** विकासखण्ड के बैजलपुर गांव के कई पंचवर्षीय योजनाओं में प्रधान रहे बाबू राम सिंह 81 का गुरूवार की भोर में निधन हो गया। वह संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष नामवर सिंह के पिता भी थे। इधर दोपहर दिवंगत पूर्व प्रधान राम सिंह की पुत्रवधू नीलम सिंह 50 का भी बीमारी के चलते दिन में लगभग डेढ़ बजे निधन हो गया। परिवार में एक साथ दो मौतों को लेकर परिजन बिलख पड़े। वही पूर्व प्रधान व उनकी पुत्रवधू के निधन की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना गांव पहुंची और शोकाकुल परिजनों से मिलकर स्वयं तथा सांसद प्रमोद तिवारी की ओर से संवेदना प्रकट की। स्व0 राम सिंह राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के खांटी समर्थक रहे। तहसील में भी साथी के पिता व भाभी के निधन पर अधिवक्ताओं ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, समाजसेवी घनश्याम मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विपिन शुक्ल, शिवरंजन यादव, अबरार अहमद, अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र ने भी स्व0 राम सिंह के निधन पर गहरा दुख जताया है।

## पत्नी की विदाई कराने पहुंचे युवक को ससुराल पक्ष ने मारपीट कर भगाया

**पट्टी। आसपुर** देवसरा थाना क्षेत्र के भाटी खुर्द गांव में पत्नी की विदाई कराने पहुंचे युवक के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार, कोहंडौर थाना क्षेत्र के सराय शंकर गांव निवासी विजय कुमार की शादी आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भाटी खुर्द गांव निवासी मंजू के साथ हुई थी। आरोप है कि बृहस्पतिवार दोपहर करीब 2 बजे वह अपनी पत्नी की विदाई कराने ससुराल पहुंचा था। इसी दौरान ससुराल पक्ष के लोगों ने उससे विवाद शुरू कर दिया।

पीड़ित का आरोप है कि उसके साथ गाली-गलौज की गई, मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देते हुए घर से भगा दिया गया। घटना के बाद विजय कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष राकेश चैरसिया ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सीईटी परीक्षा में कृष्णा पाठक ने लहराया परचम ,क्षेत्र में खुशी की लहर

**बेलखरनाथ धाम। मन** में कुछ करने की तमन्ना हो तो कामयाबी निश्चित रूप से मिलती है। ऐसा कुछ करके दिखाया है कृष्णा पाठक ने उन्होंने महाराष्ट्र में राज्य स्तरीय सीईटी पीसीबी ग्रुप परीक्षा में अच्छे अंक लाकर परचम लहराया है। उनकी इस कामयाबी पर परिजनों व ग्रामीणों में खुशी जताई है।विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम के महोखरी गांव निवासी प्रदीप कुमार पाठक के बेटे कृष्णा पाठक ने महाराष्ट्र की राज्य स्तरीय परीक्षा सीईटी पीसीबी ग्रुप में फिजिक्स, केमिस्ट्री व बायलोजी में 99 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर इलाके का नाम रोशन किया है।



उनकी इस कामयाबी पर दादा लाल बिहारी पाठक दादी विद्या देवी पाठक सुनील कुमार पाठक, रजनीश कुमार पाठक सहित अन्य ग्रामीणों ने खुशी जताई है।वहीं कृष्णा ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता व शिक्षकों दी है।

## खेत से घर लौट रहे किसान की अचानक मौत

**पट्टी। कोतवाली** क्षेत्र के लखीपुर कप्स गांव में गुरुवार की शाम खेत से घर लौट रहे एक किसान की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। परिजन उन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पट्टी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। लखीपुर कप्स गांव निवासी लालजी (55) गुरुवार को खेत का कार्य समाप्त कर घर वापस लौट रहे थे। रास्ते में अचानक उन्हें चक्कर आया और वह जमीन पर गिर पड़े। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें उपचार के लिए सीएचसी पट्टी ले गए।बताया जाता है कि गुरुवार शाम करीब पांच बजे परिजन लालजी को अस्पताल लेकर पहुंचे थे, लेकिन चिकित्सकों द्वारा जांच करने पर उनकी मृत्यु हो चुकी थी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पत्नी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। फिलहाल किसान की मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। चिकित्सकों का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।इस संबंध में सीएचसी के चिकित्सक डॉ. के.सी. प्रसाद ने बताया कि परिजन लालजी को अस्पताल लेकर आए थे, लेकिन उनकी पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। पोस्टमार्टम कराए जाने पर मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## पेड़ की छंटाई के दौरान गिरकर बुजुर्ग की मौत

### मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

**बेलखरनाथ धाम। प्रतापगढ़** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के सरखेलपुर गांव में गुरुवार को घर के सामने नीम के पेड़ की छंटाई कर रहे एक बुजुर्ग की पेड़ से गिरने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। उक्त गांव निवासी राम खेलावन (62) घर के सामने स्थित नीम के पेड़ की छंटाई कर रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह पेड़ से नीचे गिर पड़ा। गिरने की तेज आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ धाम ले गए।अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।



परिजन गंभीर अवस्था में उन्हें मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पत्नी गोमती देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो बेटे विनोद कुमार और सुभाष चंद्र पंजाब के लुधियाना शहर में रहकर निजी नौकरी करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही दोनों बेटे घर के लिए रवाना हो गए हैं।

## जंगल में भीषण आग से लाखों की वन संपदा जलकर राख

**पट्टी। कोतवाली** क्षेत्र के कोहरांव गांव स्थित जंगल में गुरुवार तड़के अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से जंगल में लगे कीमती पौधे और लाखों रुपये मूल्य की वन संपदा जलकर राख हो गई। आग की लपटें देखकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना डायल-112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल फायर सर्विस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल टीम घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बताया जा रहा है कि आग लगने की घटना रात करीब तीन बजे के आसपास हुई। आग तेजी से फैलने लगी, जिससे जंगल के बड़े हिस्से को नुकसान पहुंचा। हालांकि समय रहते दमकल कर्मियों ने आग को नियंत्रित कर लिया, जिससे आसपास के क्षेत्रों में आग फैलने से बच गई। फायर सर्विस यूनिट पट्टी के प्रभारी आदर्श कुमार ने बताया कि आग किन कारणों से लगी, इसका अभी पता नहीं चल सका है। फिलहाल आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। वन विभाग को भी सूचना देकर नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।



## अधिवक्ता पर जानलेवा हमले का केस दर्ज

**लालगंज। अधिवक्ता** पर जानलेवा हमले की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के परसपुर गांव निवासी राजेश्वर यादव पुत्र दसाराम यादव स्थानीय तहसील में अधिवक्ता हैं। पीड़ित अधिवक्ता ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छः जून को सुबह करीब छः बजे वह प्रतिदिन की तरह मार्निंग वॉक कर रहे थे। आरोप है कि इसी बीच पीछे से पहुंचे आरोपी मृत्युंजय उपाध्याय पुत्र घनश्याम उपाध्याय निवासी खीरी समापुर ने पीड़ित का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की।

## जरूरी मुददों पर जनता का ध्यान भटकाने में जुटी हुई है भाजपा- मोना

**लालगंज। क्षेत्रीय** विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने गुरूवार को एक दिवसीय दौरे मे यहां पार्टी कार्यकताओं के साथ संगठन सृजन अभियान की समीक्षा की। कार्यकर्ता बैठक में उन्होने कहा कि भाजपा की केन्द्र एवं राज्य सरकारें जनता की मूलभूत समस्याओ के निस्तारण को तरजीह देने की जगह मुददो को भटकाव दे रही है। उन्होने कहा कि नीट पेपरलीक को लेकर मध्य प्रदेश की छात्रा आकांक्षा चतुवेर्दी और महाराष्ट्र की मैथिली सोनवाने की आत्महत्या की घटनाओं के बाद मोदी सरकार की परीक्षा प्रणाली पर देश भर में गंभीर सवाल उत्पन्न हुआ है। उन्होने कहा कि पेपरलीक से मुंह चुरा रही भाजपा इसके सीधे जिम्मेदार देश के शिक्षा मंत्री का इस्तीफा तक नहीं ले पायी। सीएलपी नेता आराधना मिश्रा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा के सत्ता में बने रहने के अलोकतांत्रिक दांव से सतर्क और सावधान रहना होगा। उन्होने कहा कि मध्य प्रदेश में राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का जबरिया नामांकन रदद होना भाजपा की सीट चोरी को उजागर कर गया है। उन्होने कहा कि महिला आरक्षण का शोर मचा रही भाजपा ने वहां विधायको की पर्याप्त संख्या न होने के बावजूद भी तीसरे उम्मीदवार को अलोकतांत्रिक ढंग से संसद में भेजने का हथकण्डा अपनाया है। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि रसोई गैस सिलेण्डर को मंहगा कर भाजपा ने गरीब और मध्यम वर्ग की रसोई को भी मंहगाई के जरिए ठण्डी करने का दर्द दिया है। उन्होने कहा कि डीजल, पेट्रोल तथा एलपीजी व कामर्शियल सिलेण्डर तथा सीएनजी की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी से बाजार में जरूरत की चीजें मंहगी हो गयी हैं। विधायक मोन ने कहा कि प्रदेश में भीषण गर्मी के बावजूद विद्युत आपूर्ति सरकार व पावर कारपोरेशन के कुप्रबंधन के कारण पटरी से उतर चुकी है। उन्होने कहा कि बीजेपी जनता से जुड़ी इन्हीं मूलभूत समस्याओं को हल करने में अपनी विफलता छिपाने के लिए अलोकतांत्रिक कदम उठा रही है। इसके बाद उन्होने कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई की। अगई मोड़ पर कार्यकताओं ने विधायक आराधना मिश्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। क्षेत्र के अगई, उमापुर, पूरे छत्तू, भटनी, लोहंगपुर, नरायनपुर में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने जनसंवाद के तहत लोगों को रामपुरखास के विकास की मजबूती की निरन्तरता का भरोसा दिलाया। उन्होने कहा कि वह सांसद प्रमोद तिवारी के साथ मिलकर रामपुरखास को विकास की हर जरूरी योजनाओं से जोड़ते हुए इसकी सुसज्जा के प्रयास जारी रखेंगी। इस मौके पर प्रमुख अमित प्रताप सिंह पंकज।



## अलग अलग घटनाओं में तीन युवतियों के अपहरण का केस दर्ज

**प्रतापगढ़। अलग** अलग घटनाओं में तीन युवतियों के अपहरण को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव के पीडित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती नौ जून की सुबह उसकी बीस वषीर्या पुत्री घुइसरनाथ जाने की बात कहकर घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। पीड़ित पिता के अनुसार गायब युवती मानसिक रोगी भी है। वहीं दूसरी घटना में पीड़ित पिता का आरोप है कि नौ जून को दोपहर करीब दो बजे उसकी पुत्री घर से कालेज में पेपर देने के लिए निकली थी लेकिन वापस नही लौटी। पीडित पिता ने कीर्तपुर पहाड़पुर निवासी आरोपी कैलाश सरोज पुत्र कमलेश सरोज के खिलाफ पुत्री को अपहृत किये जाने की आशंका जतायी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं लीलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित मां ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीती नौ जून की रात करीब आठ बजे उसकी इक्कीस वषीर्या पुत्री घर से बिना बताये कहीं चली गयी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नही चला।

# डीएम ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने आज उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए उपायुक्त,वाणिज्यकर का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को डग्गामार वाहनों एवं ओवरलोडिंग वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टॉम्प एवं रजिस्ट्रेशन, खनन, विद्युत, वन विभाग, मण्डी, आबकारी एवं नगर निकाय के राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में मण्डी आवक इण्डीकेटर में रैंकिंग ठीक न पाए जाने पर सभी सचिव, मण्डी समिति का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने खनन में रैंकिंग ठीक न पाए जाने पर जिला खनन अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही के लिए शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने तहसीलवार आर.सी. वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान आर.सी. वसूली में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार से आगामी बैठक तक प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अंश निर्धारण एवं वरासत के लम्बित प्रकरणों को भी शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा के दौरान सभी उप जिलाधिकारियों /तहसीलदारों को राजस्व वादों के निस्तारण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत सभी आवश्यक कार्यवाही/तैयारियां समय से सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शालिनी प्रभाकर एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ओम प्रकाश सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## जिलाधिकारी ने की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई।जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि जनपद के सभी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों एवं स्टॉफ की उपस्थिति समय से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों से विगत माह मई में शिशु मृत्यु के कारणों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को आभा आई.डी. व नियमित टीकाकरण एवं आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ययोजना बनाकर लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्य में तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सी.एच.ओ. के कार्यों की मॉनीटरिंग किया जाए एवं लापरवाही/ठीक प्रकार से कार्य न करने वाली आशाओं के विरूद्ध कार्यवाही किया जाए। उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी को आर.बी.एस.के. टीम को और सक्रिय करने एवं कार्यों की मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। इसके मुख्य चिकित्साधिकारी से चिकित्सकों की उपलब्धता एवं एम्बुलेंस की स्थिति आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## जनपद कौशाम्बी के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में 14 जून से 13 सितम्बर 2026 तक धारा-163 लागू

**कौशाम्बी।** शान्ति-व्यवस्था के दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील है। प्रवक्ता (महिला/पुरूष) राजकीय इण्टर कालेज (प्रा0) परीक्षा-2025 का आयोजन दिनांक 14.07.2026 व उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 की लिखित परीक्षा दिनांक-02, 03, 04 जुलाई 2026 व उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 के अन्तर्गत अभिलेखों की समीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण दिनांक 15.06.2026 से प्रस्तावित है तथा आगामी महीनों में आने वाले त्योहारों-मोहर्रम, चेहल्लुम, ईद-ए-मीलाद/बाराबफात, रक्षाबन्धन एवं जन्माष्टमी आदि को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जाना है। आसन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के चलते यह आशंका है कि ऐसे अवसरों पर कतिपय साम्प्रदायिक, असामाजिक, गिरोह-बन्द एवं शरारती तत्व किसी भी स्थान/परीक्षा स्थल पर किसी भी समय छोटी-छोटी घटनाओ को लेकर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास कर सकतें हैं, जिसके चलते लोक परिशान्ति एवं लोक व्यवस्था सहित विधि व्यवस्था एवं जन सुरक्षा प्रभावित हो सकती हैं। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अमित पाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जन-जीवन एवं लोक सम्पत्ति की हानि, हिंसा व बलबा आदि के नियंत्रण/निवारण एवं जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था व लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम करने व प्रतियोगी परीक्षाओं के सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से निषेधाज्ञा जारी किया है। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि सामान्य परिस्थितियों को छोड़कर जनपद कौशाम्बी के सीमा क्षेत्र में किसी भी स्थल पर 05 या 05 से अधिक व्यक्ति/व्यक्तियों का समूह, जिनके क्रिया-कलापों से लोक/शान्ति व्यवस्था एवं जनसुरक्षा प्रभावित हो, एकत्रित नहीं होंगे, परन्तु यह प्रतिबन्ध शव-यात्रा, बारात या विवाह आदि समारोह पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति अपने पास लाठी, डण्डा, बॉस, बल्लम या किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र तथा आग्नेयास्त्र (फायर आर्म्स), धारदार हथियार या कुंद वस्तुएं, जिन्हें फेंककर प्रहार किया जा सकता है, लेकर न चलेगा और न ही एकत्रित करेगा, यह प्रतिबन्ध ड्यूटी पर तैनात पुलिस, पी0ए0सी0, पी0आर0डी0 एवं होमगार्डस तथा सरकारी कर्मचारियों, रोगियों, अपंग व्यक्तियों पर, जो सहारें के लिए लाठी, डण्डा का प्रयोग करते हैं लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह जिले में मौखिक अथवा सोशल मीडिया के माध्यम से कोई अफवाह नहीं फैलायेगा और न ही कोई मिथ्या प्रचार करेगा और न किसी प्रकार की उत्तेजनात्मक पर्चे, हैण्डबिल, पम्पलेट मुद्रित करायेगा और न ही उसका वितरण करायेंगा या करेंगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह ऐसे नारे या अभद्र शब्दों का प्रयोग नहीं करेगा, जिससे जनसाधारण अथवा किसी वर्ग विशेष या समुदाय की भावना आहत होती है और उसमें उत्तेजना फैलती हो। कोई भी व्यक्ति परम्परागत त्योहारों, जलसों, जुलूसों, सामाजिक एवं धार्मिक उत्सवों का आयोजन भी इस प्रकार नहीं करेंगा, जिससे किसी प्रकार के उत्तेजनात्मक नारे लगाये जायेंगे या जिससे दूसरे धर्मावलम्बियों अथवा सम्प्रदायों की धार्मिक या सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुँचें। कोई भी सभा/रैली, ऐसे स्थान पर आयोजित नहीं की जायेगी, जहां कोई निषेधाज्ञा या प्रतिबन्धात्मक आदेश शासन,स्थानीय प्रशासन अथवा न्यायालय आदि द्वारा लागू किये गये तथा प्रभावी हो। कोई भी व्यक्ति किसी भी धर्म/ पंथ/ सम्प्रदाय आदि के किसी भी महापुरूष, देवी-देवता आदि का प्रत्यक्ष या परोक्ष किसी भी रूप से अनादर करने का प्रयास नहीं करेगा और न ही जनसामान्य को भड़काने वाली अथवा दिग्भ्रमित करने वाली कोई अफवाह फैलायेगा, इसी प्रकार ऐसा कोई लेखन/वॉल पेन्टिंग न किया/कराया जायेगा और न ही सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त किये बिना देवी-देवताओं अथवा किसी महापुरूष की मूर्ति ही स्थापित की जायेंगी। किसी भी चार पहिया वाहन या अन्य छत वाले वाहनों की छत पर कोई यात्री,यात्रा नहीं करेगा और दो पहिया वाहनों पर दो से अधिक व्यक्ति तथा अन्य वाहनों पर निर्धारित यात्रियों से अधिक यात्रा नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति/ समूह ध्वनि विस्तारक यंत्र, लाउडस्पीकर, साउण्ड बॉक्स, डी0जे0 अथवा जनता को सम्बोधित करने वाली अन्य प्रणाली का प्रयोग सक्षम मजिस्ट्रेट की बिना पूवार्नुमति प्राप्त किये किसी भी सार्वजनिक स्थल या अन्य किसी स्थान पर नहीं करेगा और ऐसे यन्त्रों की आवाज का स्तर ध्वनि प्रदूषण (रेग्यूलेशन एण्ड कंट्रोल) रूल्स-2000 में उल्लिखित निर्धारित मानक से अधिक न होगा। किसी भी पूजा-पण्डाल अथवा धार्मिक स्थल पर भड़काऊ, अश्लील गाने व डी0जे0 का प्रयोग नहीं किया जायेगा तथा अश्लील, अभद्र नृत्य आदि का आयोजन प्रतिबन्धित होगा इत्यादि। जनपद कौशाम्बी की सीमा क्षेत्र में आयोजित किसी भी परीक्षा केन्द्र के 200 मी0 की परिधि में 05 या 05 से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि यह आदेश जनपद कौशाम्बी के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में 14.06.2026 से 13.09.2026 तक सम्पूर्ण जनपद में प्रभावी होगा। विशेष परिस्थितियों में इस अवधि में इन आदेशों को संशोधित, परिवर्तित अथवा समाप्त किया जा सकता है। इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा-223 के अन्तर्गत दण्डनीय होंगा।

## वैष्णो किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर साध्वी मुस्कान ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर लगाई सुरक्षा की गुहार



**कौशाम्बी।** वैष्णो किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर साध्वी मुस्कान ने अपनी जान-माल की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन से गुहार लगाई है। गुरुवार को वह कलेक्ट्रेट पहुंचीं और डीएम को ज्ञापन सौंपकर गंभीर आरोप लगाए।साध्वी मुस्कान ने आरोप लगाया कि प्रयागराज किन्नर अखाड़े की कथित महामंडलेश्वर कल्याणी और उनके सहयोगियों द्वारा लगातार उनके समर्थकों को फर्जी मुकदमों में फंसाया जा रहा है। इसके साथ ही मारपीट, उत्पीड़न और जान से मारने की धमकियां दिए जाने का भी आरोप लगाया गया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

महामंडलेश्वर साध्वी मुस्कान ने 10 बिंदुओं पर आधारित विस्तृत ज्ञापन डीएम को सौंपते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने अपने और अपने सहयोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी अपील की। वहीं, डीएम ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच कराने और तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है। मामले को लेकर किन्नर समाज में भी चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## प्राचीन ऐतिहासिक कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम का वार्षिकोत्सव कलश यात्रा के साथ शुरू

**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी।** प्राचीन ऐतिहासिक कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम,आमाकुआँ में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम के तहत शिव महापुराण माहात्म्य कथा एवं गणेश महायज्ञ का शुभारंभ 12 जिनसे श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में शुरू हो गया।वार्षिकोत्सव की कलश यात्रा शुरूआत विजया चौराहा स्थित रिंकू टेंडर्स से हुई, जहां से श्रद्धालुओं की विशाल कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा गढ़वा बड़े हनुमान घाट पहुंची,जहां विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद कलश यात्रा पुनःगढ़वा से होते हुए कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम, आमाकुआँ पहुंची।




कलश यात्रा में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित करीब दो सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा तथा श्रद्धालु भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे।कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कौशाम्बी थाना पुलिस मुस्तैद रही और यात्रा को सकुशल संपन्न कराया।आश्रम के आयोजक बाबा बुद्धन दास ने बताया कि यह वार्षिकोत्सव विगतवर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया शिव महापुराण कथा व ग्यारह कुण्डीय गणपति महायज्ञ के माध्यम से क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रसार होता है। पूर्ण आहुति 18 जून व 19 जून को विशाल भंडारा के साथ संपन्न होगा। इस दिनों में कथा, यज्ञ और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

## संयुक्त जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों की मेहनत,समर्पण और समय पर दिए गए उपचार से मरीज को मिला नया जीवन

**कौशांबी।** कहा जाता है कि चिकित्सक भगवान का रूप होते हैं और इस कहावत को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध संयुक्त जिला चिकित्सालय, कौशाम्बी के चिकित्सकों ने एक बार फिर चरितार्थ कर दिखाया है। दिनांक 08 जून 2026 को 38 वर्षीय राजेन्द्र कुमार,पुत्र स्वर्गीय छेदू,निवासी ग्राम टडोनह हिशामपुर परसखी,तहसील मंझनपुर,को अत्यंत गंभीर अवस्था में उपचार हेतु अस्पताल लाया गया। मरीज लंबे समय से क्रोनिक लिवर डिजीज,पोर्टल हाइपरटेंशन, हेपेटोरेनल सिंड्रोम एवं हेपेटिक एन्सेफैलोपैथी जैसी जटिल बीमारियों से पीड़ित था तथा कई दिनों से निजी चिकित्सालय में उपचार करा रहा था,लेकिन अपेक्षित लाभ नहीं मिल सका। अस्पताल पहुंचने पर मरीज की स्थिति अत्यंत नाजुक थी। वह अचेत अवस्था में था, काले रंग की रक्तयुक्त उल्टियां हो रही थीं, पेट में अत्यधिक सूजन थी तथा सांस लेने में भी गंभीर कठिनाई हो रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे तत्काल आईसीयू में भर्ती कर गहन चिकित्सा शुरू की गई। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हरिओम कुमार सिंह के मार्गदर्शन में डॉ. ओ.पी.चौधरी एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा निरंतर निगरानी और समर्पित उपचार किया गया। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के अथक प्रयासों का परिणाम रहा कि मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार देखने को मिला। आवश्यक चिकित्सीय जांचों की रिपोर्ट भी पहले की तुलना में काफी सामान्य पाई



गई हैं और मरीज स्वस्थ होने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। मरीज के परिजनों ने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं समस्त स्वास्थ्यकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण और समय पर दिए गए उपचार ने मरीज को नया जीवन प्रदान किया है। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध संयुक्त जिला चिकित्सालय, कौशाम्बी की यह सफलता जनपदवासियों के लिए गुणवत्तापूर्ण एवं समर्पित स्वास्थ्य सेवाओं का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## न्यूज झरोखा

### कोखराज पुलिस ने 25 लोगों का किया वाहन चालान



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहे पर सप्ताह में 2 दिन सब्जी वा अन्य जरूर के सामानों की बाजार लगती है जिससे वहां आसपास के गांव के लोगों का आना-जाना लगा रहता है कोखराज थाना पुलिस ने गुरुवार को चाकवन चौराहे पर वाहन चेकिंग किया है वाहनों के अभिलेख ना पूरा होने पर बाइक सवार लगभग 25 लोगों का पुलिस ने चालान कर 500 रुपए 1000 रुपए का वाहन चालान काट दिया है वाहन चेकिंग के दौरान लोगों में हड़कंप मचा था बताया जाता है कि लगभग 25 लोगों के वाहनों का पुलिस ने चालान किया है।

### दूल्हा नापसंद होने पर दुल्हन ने शादी से किया इनकार, फतेहपुर से आई बारात बैरंग लौटी



**टेढ़ा मोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के ननमई गांव में गुरुवार को एक अनोखा मामला सामने आया। फतेहपुर जिले से आई बारात को उस समय बैरंग लौटना पड़ा जब दुल्हन ने दूल्हे को नापसंद बताकर शादी से इनकार कर दिया। बाद में दोनों पक्षों की बैठक के बाद आपसी सहमति से मामला सुलझा लिया गया।घटना कोखराज थाना क्षेत्र के ननमई गांव की है। गुरुवार को रायपुर मुवाली,थाना हथगांव, जिला फतेहपुर से बारात ननमई गांव आई थी। बताया जा रहा है कि जब दुल्हन फिजा बानो ने दूल्हे को देखा तो उसने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। दुल्हन का कहना था कि लड़का उसे पसंद नहीं है।बारातियों में हड़कंप मच गया दुल्हन के इनकार के बाद दोनों पक्षों में हड़कंप मच गया। काफी देर तक मान मनौव्वल का दौर चला। घराती और बाराती पक्ष के बड़े बुजुर्गों ने दुल्हन को समझाने की कोशिश की,लेकिन वह अपनी बात पर अड़ी रही।आपसी सहमति से समझौता हुआ मामला बिगड़ता देख गांव के संभ्रांत लोगों और रिश्तेदारों की मौजूदगी में दोनों पक्षों की बैठक हुई। घंटों चली पंचायत के बाद आपसी समझौते से मामले को निपटा लिया गया।इसके बाद फतेहपुर से आई बारात बिना दुल्हन के बैरंग लौट गई। पुलिस को सूचना नहीं दी गई और न ही किसी पक्ष ने कोई तहरीर दी। गांव में दोनों पक्षों ने शांति बनाए रहे है।

### करारी के नामित सभासद के साथ मारपीट मामले में सपा नेता एजाज कुरैशी पर मुकदमा दर्ज

**कौशांबी।** करारी नगर पंचायत के नामित सभासद सुशील कुमार के साथ कथित मारपीट और जातिसूचक टिप्पणी के मामले में करारी के सपा नेता एवं चेयरमैन के करीबी बताए जा रहे एजाज कुरैशी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।बताया जा रहा है कि गौशाला में कथित भ्रष्टाचार की शिकायत और प्रभारी मंत्री द्वारा कराए गए निरीक्षण के बाद विवाद बढ़ा था। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि शिकायत से नाराज होकर एजाज कुरैशी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।सूत्रों के अनुसार,मामले को भाजपा नेताओं ने गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों के समक्ष उठाया था। आरोप है कि करारी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर हीलाहवाली की जा रही थी और थानेदार उच्चाधिकारियों के आदेश का हवाला देकर कार्रवाई टाल रहे थे। हालांकि मामला तूल पकड़ने और भाजपा नेताओं के हस्तक्षेप के बाद थानेदार संजय यादव को आखिरकार एफआईआर दर्ज करना ही पड़ा।पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुकदमा दर्ज होने के बाद क्षेत्र की राजनीति भी गर्मा गई है।

### नौढिया गांव में मारपीट की घटना, महिला-बच्चों सहित कई घायल, कोखराज पुलिस जांच में जुटी

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नौढिया गांव से मारपीट की सूचना सामने आई है जानकारी के अनुसार बुधवार की रात करीब 8 बजे एक परिवार की महिला और बच्चों सहित कई लोगों के साथ गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मारपीट की गई। घटना में घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही कोखराज थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पीड़ित पक्ष के बयान दर्ज किए जा रहे हैं जानकारी के मुताबिक विवाद गांव के ही कुछ दबंगों से जमीन/पुरानी रंजिश को लेकर हुआ था। हालांकि विवाद का सही कारण पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।थाना कोखराज पुलिस ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। जनपद में शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।घायलों के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया की जाएगी।

### अचानक सड़क पर गिर पड़ा भारी भरकम पेड़



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के सिंघिया में एक भारी भरकम पेड़ अचानक से सड़क पर गिर पड़ा,सड़क पर गुजर रहे लोगों ने पेड़ को गिरते देखा तो हड़कंप मच गया,गनीमत रही कि उस पेड़ के नीचे कोई नहीं आया,अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता।पेड़ के गिरने से भरवारी से मंझनपुर मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया,लोग अब रास्ता बदलकर दूसरे रास्ते से मंझनपुर जा रहे है।पेड़ गिरने की सूचना पर पहुंचे लोगों की मदद से रास्ता खाली कराया गया है कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 15 देहदानी रमाशंकर नगर सिंघिया मेहता डिग्री कॉलेज के पीछे वाले के गेट के पास गुरुवार की सुबह एक आम का भारी भरकम पेड़ अचानक से सड़क पर गिर पड़ा,अचानक से पेड़ गिरता देख गुजर रहे लोगों में हड़कंप मच गया,वाहन चालकों और ग्रामीणों में दहशत फैल गई और अफरा तफरी मच गई,गनीमत रही की पेड़ की जद में कोई नहीं आया और किसी को कोई जनहानि नहीं हुई।

### डीएम ने की राजकीय विद्यालयों में निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने कार्यालय कक्ष में प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत राजकीय विद्यालयों में निमार्णाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं सहायक अभियंता,यू.पी.सिडको से निमार्णाधीन कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि पाई गई कमियों को ठीक कराकर शीघ्र हैण्डओवर किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने बाउण्ड्रीवाल के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए।

## टीआरएस इंटरनेशनल स्कूल की मनमानी उजागर, किताबों की जबरन बिक्री के आरोपों पर बीईओ बृजेश सिंह की जांच में मिली पुष्टि

**मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत के बाद हुई जांच, अभिभावकों के आर्थिक शोषण के आरोपों ने शिक्षा विभाग की बढ़ाई चिंता**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकील क्षेत्र स्थित टीआरएस इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों के अभिभावकों को एक निर्धारित दुकान से महंगी पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री ऑनलाइन शिकायत पोर्टल पर दर्ज शिकायत की जांच में खण्ड शिक्षा अधिकारी नेवादा बृजेश सिंह की रिपोर्ट ने कई गंभीर तथ्यों को उजागर किया है, जिससे विद्यालय प्रबंधन की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों को केवल एक विशेष दुकान से ही पुस्तकें खरीदने के लिए कहा जाता है। अन्य दुकानों पर वही पुस्तकें उपलब्ध नहीं कराई जातीं, जिसके चलते अभिभावकों को मजबूरन निर्धारित दुकान से लगभग 4500 रुपये तक की पुस्तकें खरीदनी पड़ती हैं। इससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने के बाद खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजेश सिंह ने विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। अपनी जांच आख्या में उन्होंने उल्लेख किया कि विद्यालय के बाहर एक निश्चित दुकान से विद्यालय की पुस्तकें एवं अन्य सामग्री बेची जा रही है। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि विद्यालय में परिषद द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अन्य पुस्तकों का उपयोग किया जा रहा था।जांच रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय एवं सीबीएसई के निर्देशों के अनुसार किसी भी विद्यालय को छात्रों अथवा अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से पुस्तकें, यूनिफॉर्म या अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए बाध्य करने का अधिकार नहीं है। इसके बावजूद विद्यालय से जुड़े मामले में सामने आए तथ्य नियमों के उल्लंघन की ओर संकेत कर रहे हैं।हालांकि विद्यालय प्रबंधन ने अपने स्पष्टीकरण में आरोपों को निराधार बताते हुए किसी भी विशेष दुकान से व्यावसायिक संबंध होने से इनकार किया है। विद्यालय का कहना है कि अभिभावक अपनी सुविधा और आर्थिक स्थिति के अनुसार खुले बाजार से पुस्तकें खरीदने के लिए स्वतंत्र हैं। इसके बावजूद खण्ड शिक्षा अधिकारी की जांच रिपोर्ट ने शिकायत के कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की पुष्टि कर दी है। खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजेश सिंह द्वारा तैयार की गई जांच आख्या जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेज दी गई है तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की संस्तुति की गई है। अब अभिभावकों और क्षेत्रीय लोगों की निगाहें शिक्षा विभाग पर टिकी हैं कि जांच रिपोर्ट के आधार पर विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।यह मामला केवल एक विद्यालय तक सीमित नहीं है, बल्कि निजी विद्यालयों में बढ़ती व्यावसायिक प्रवृत्तियों और अभिभावकों के आर्थिक शोषण के आरोपों को भी उजागर करता है। यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो शिक्षा के नाम पर अभिभावकों पर बढ़ता आर्थिक दबाव भविष्य में और गंभीर समस्या बन सकता है।

### चौपाल आयोजित कर महिला सुरक्षा, सड़क सुरक्षा एवं साइबर अपराध पर आमजन को दिया जानकारी

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण के निर्देशन में दिनांक 11.06.2026 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में चौपाल लगाकर आमजनमानस को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। आयोजित की गयी चौपालों में क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिकों युवाओं, व्यापारियों, महिलाओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता की गयी चौपाल में पुलिस अधिकारियों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता लेने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।इस दौरान साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए लोगों को ऑनलाइन ठगी,फर्जी कॉल, ओटीपी साझा न करने,सोशल मीडिया फ्रॉड एवं बैंकिंग धोखाधड़ी से सावधान रहने की सलाह दी गई।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चौपट व्यवस्था पर बड़े आंदोलन की किसान नेताओं ने दी चेतावनी

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैरमपुर की चौपट व्यवस्था को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने बड़े आंदोलन करने की चेतावनी भी है किसान नेताओं का कहना है कि यदि समय पर अस्पताल की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ डॉक्टर ने लापरवाही नहीं छोड़ी तो मजबूर होकर मरीज वा उनके परिजन और किसान नेता सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे अस्पताल में डॉक्टर के ना आने व लैब टेक्नीशियन सूर्यभान सिंह द्वारा मरीज और उनके परिवार के साथ दुर्व्यवहार के संबंध में अवगत कराना है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैरमपुर सेंगरहा में तैनात डॉक्टर अंबुज कुमार है जो केवल अस्पताल में रविवार के दिन हस्ताक्षर करने ही आते हैं मरीज कभी भी आकर नहीं देखते अस्पताल फार्मासिस्ट ही चला रहे हैं यह की लैब टेक्नीशियन सूर्यभान सिंह है जो वही तैनात हैं अगर कोई व्यक्ति डॉक्टर के दिखाने की बात करता है तो वह भड़क जाते हैं और अभद्रता पर आमादा हो जाता है यहां तक वह मरीज से बाहर चले जाने की बात करता है अस्पताल में साफ सफाई की व्यवस्था नहीं है गंदगी का अंबार है और ना ही अस्पताल नियमित रूप से सफाई कर्मचारी साफ करता है समय रहते अगर उक्त बिंदुओं पर ध्यान ना दिया गया और सूर्यभान सिंह के रवैया में बदलाव नहीं आया तो भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन के लिए कभी भी बाध्य होंगे।

# कुत्ते को भगाने के विवाद में अधेड़ की मौत, हत्या का मामला दर्ज

## मामूली कहासुनी ने लिया हिंसक रूप, उपचार के दौरान घायल ने तोड़ा दम; दो आरोपियों पर हत्या सहित गंभीर धाराएं



**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी। शहर** के पुरानी शिवपुरी क्षेत्र में कुत्ते को भगाने को लेकर शुरू हुआ एक मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए 50 वर्षीय जफीर अहमद की उपचार के दौरान मौत हो जाने के बाद पुलिस ने मामले में हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच तेज कर दी है। पुलिस के अनुसार घटना 10 जून की शाम करीब 7 बजे कोरी गली इमामबाड़ा क्षेत्र में हुई। जफीर अहमद नमाज अदा कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनके घर के सामने पड़ोसी आशिफ खान का कुत्ता बैठा हुआ था। कुत्ते को भगाने की बात को लेकर आशिफ खान और उनकी पत्नी साहिदा खान से विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते कहासुनी ने मारपीट का रूप ले लिया।

**लाठी से हमला, गंभीर रूप से घायल हुआ अधेड़**

आरोप है कि विवाद के दौरान आशिफ खान ने लाठी से जफीर अहमद के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं साहिदा खान पर जफीर अहमद की पत्नी सेमुनिशा खान के साथ मारपीट करने का आरोप है। घटना में सेमुनिशा को भी आंख और पैरों में चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

**शिकायत दर्ज कराने जाते समय फिर हुआ विवाद**

परिजनों के अनुसार घायल जफीर अहमद अपनी पत्नी और बेटे चांद खान के साथ शिकायत दर्ज कराने थाने जा रहे थे। इसी दौरान नीलगर चौराहे के पास आरोपियों ने उन्हें दोबारा रोक लिया। यहां दोनों पक्षों के बीच फिर विवाद और झूमाझटकी हुई। आरोप है कि धक्का लगने से जफीर अहमद सड़क पर गिर पड़े और उनका सिर पत्थर से टकरा गया, जिससे उनकी हालत और गंभीर हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

**अस्पताल में उपचार के दौरान मौत**

गंभीर हालत में जफीर अहमद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की समीक्षा कर पूर्व में दर्ज मारपीट के प्रकरण में हत्या की धारा सहित अन्य गंभीर धाराएं जोड़ दीं।

पुलिस का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है, जबकि पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी है।

एक मामूली विवाद का हत्या जैसे गंभीर अपराध में बदल जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते विवाद को शांत कर लिया जाता, तो एक व्यक्ति की जान बचाई जा सकती थी।

# रात के अंधेरे में बिजली तार चोरी करते पकड़ा गया गिरोह, ग्रामीणों ने तीन आरोपियों को दबोचा

## बढ़ती चोरी की घटनाओं से सतर्क थे ग्रामीण, तार और औजारों समेत आरोपियों को पुलिस के हवाले किया



**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी।** जिले के कोलारस थाना क्षेत्र में बिजली तार चोरी की लगातार बढ़ रही घटनाओं के बीच ग्रामीणों की सतर्कता से एक चोरी गिरोह का पदार्फाश हुआ है। बीजरी गांव के ग्रामीणों ने रात के समय बिजली के खंभों से तार चोरी कर रहे तीन आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। ग्रामीणों ने आरोपियों को मौके पर ही घेरकर दबोच लिया और चोरी किए गए तारों व उपकरणों सहित पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी किसी बड़े संगठित तार चोरी गिरोह से जुड़े हैं या नहीं।

**चोरी की वारदातों से परेशान थे ग्रामीण**

बीजरी गांव निवासी रणवीर सिंह दांगी के अनुसार क्षेत्र में पिछले कुछ समय से बिजली के खंभों से तार चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं। इससे ग्रामीणों में आक्रोश था और विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हो रही थी। चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गांव के लोगों ने स्वयं रात्रि निगरानी शुरू कर दी थी। गुरुवार तड़के करीब 3:30 बजे रणवीर सिंह दांगी अपने साथियों काले सरदार, राजू दांगी, गुरतेज दांगी और भूरा दांगी के साथ बीजरी से देहरदा गणेश की ओर जा रहे थे। इसी दौरान देवेन्द्र सिंह दांगी के खेत के समीप बिजली के खंभों के पास संदिग्ध गतिविधि और टॉर्च की रोशनी दिखाई दी। संदेह होने पर सभी ग्रामीण मौके के पास छिपकर निगरानी करने लगे। कुछ देर बाद उन्होंने देखा कि तीन व्यक्ति बिजली लाइन से उतारे गए तारों को काटकर समेट रहे हैं। ग्रामीणों ने तत्काल साहस दिखाते हुए आरोपियों की घेराबंदी कर उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान शरद खटीक (45) निवासी खरैह, आशीष लोधी (30) निवासी भडौता तथा छोटू लोधी (18) निवासी खरैह के रूप में बताई। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए बिजली के तार, तार काटने में प्रयुक्त लोहे का बका और प्लास बरामद किया गया।

# अश्विनी वर्मा बने लघु उद्योग व्यापार मंडल के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष



**सुलतानपुर। व्यापारियों** के हितों की रक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए कार्यरत लघु उद्योग व्यापार मंडल लगातार अपने संगठन का विस्तार कर रहा है। इसी क्रम में नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा पंजीकृत संस्था आरपीएस मानवाधिकार फोरम की इकाई लघु उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.पी. गुप्ता के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संगठन को एक और सक्रिय युवा नेतृत्व प्राप्त हुआ है।प्रदेश प्रभारी सुरेश सोनी एवं प्रदेश सचिव सारथी कसौधन की सहमति से संगठन के युवा प्रदेश प्रभारी अरविन्द चौरसिया ने जिले के प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान श्रृंगार वाटिका।

# प्रवक्ता परीक्षा को नकलविहीन कराने की तैयारी तेज, अधिकारियों को दिए गए सख्त निर्देश

## 14 जून को सात केंद्रों पर होगी परीक्षा, 2973 अभ्यर्थी होंगे शामिल



**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। उत्तर** प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज की ओर से 14 जून को आयोजित होने वाली प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इंटर कॉलेज प्रारंभिक परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय नारायण सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के सभी सात परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक, प्रबंधक, सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान ने परीक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सुरक्षा प्रबंधन, अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था और परीक्षा संचालन की प्रक्रिया पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 2973 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा 14 जून को एक पाली में सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिले में सात परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा से जुड़े सभी कार्मिक, केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट आयोग की निर्देश पुस्तिका में दिए गए नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। नकल या अन्य किसी प्रकार की गड़बड़ी में संलिप्त पाए जाने वाले अभ्यर्थियों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए पूरी सतर्कता के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रयागराज से नियुक्त प्रवेक्षक अनिल कुमार, एआरटीओ राम सिंह समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चोरी छुपे नहर की खुदाई का आरोप किसानों में आक्रोश आंदोलन की चेतावनी

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज भदोही । राष्ट्र** हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष संजय राय ने नहर विभाग पर लापरवाही और किसानों, ने समस्याओं की आरोप लगाया उन्होंने कहा कि ज्ञानपुर नहर प्रखंड के अंतर्गत चोरी क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुर माइनर के पास जेसीबी से नहर किनारे की खुदाई कर निकल गई मिट्टी किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है संजय राय का आरोप है कि विभाग ने नहर की समुचित सफाई करने के बजाय किसानों के समतल खेतों से रात के समय मिट्टी निकालकर उन्हें गहरा कर दिया साथ ही खेतों पर पानी पहुंचाने वाली नालियों को भी समतल कर बंद कर दिया गया जिससे किसानों के सामने धान की नर्सरी बहन तैयार करने का संकट खड़ा हो गया है उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसान धान की खेती की तैयारी में जुटे हैं और नहर में पानी आने का इंतजार कर रहे लेकिन भाग्य कार्यवाही के कारण खेतों तक पानी पहुंचाने का रास्ता बाधित हो गया किसानों का आरोप है कि बिना अनुमति उनके खेतों से मिट्टी निकालकर नुकसान पहुंचाया गया जिससे उनमें भारी नाराजगी है संजय राय ने कहा कि एक और तारों में पानी नहीं पहुंच रहा है वहीं दूसरी ओर किसानों के खेतों की खुदाई कर और समतल बना दिया गया इससे खेती किसी का कार्य प्रभावित हो रहा है और किस असमंजस की स्थिति में है जिलाधिकारी शैलेश कुमार से मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि नहर किनारे डाली गई मिट्टी हटाई नहीं गई, और किसने की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और धरना प्रदर्शन किया जाएगा इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

# बैंक बकायेदार पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई,3.90 एकड़ भूमि कुर्क



**सुल्तानपुर। बैंक** ऋण की वसूली को लेकर तहसील प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भदैंया ब्लॉक क्षेत्र के कामतागंज बाजार स्थित ग्रामीण बैंक के एक बकायेदार की करीब 3.90 एकड़ कृषि भूमि कुर्क कर दी है। कुर्की की कार्रवाई के बाद बड़े बकायेदारों में हड़कंप मच गया है।तहसील प्रशासन द्वारा जारी आरसी के अनुसार संबंधित बकायेदार पर करीब 3.80 लाख रुपये से अधिक की धनराशि एवं ब्याज बकाया था। कई नोटिसों और अवसरों के बावजूद भुगतान न होने पर राजस्व विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए भूमि कुर्क कर दी।एसडीएम लंभुआ प्रीति जैन के निर्देशन और तहसीलदार प्रांजल त्रिपाठी की निगरानी में हुई कार्रवाई के दौरान संबंधित गाटा संख्या की भूमि को राजस्व अभिलेखों में कुर्क दर्ज कर दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब उक्त भूमि का विक्रय, हस्तांतरण, दान या किसी अन्य प्रकार का लेन-देन नहीं किया जा सकेगा।सूत्रों के मुताबिक बैंक प्रबंधन की ओर से बकाया ऋण की वसूली के लिए आरसी जारी कराई गई थी। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य बड़े बकायेदारों में भी खलबली मची हुई है।

राजस्व विभाग ने संकेत दिए हैं कि बकाया धनराशि जमा न करने वालों के खिलाफ आगे भी कुर्की और नीलामी जैसी कार्रवाई जारी रहेगी। कर्ज नहीं चुकाने वालों पर सख्ती।

# आवारा मवेशियों से घिर रहीं शहर की सड़कें, हर दिन बढ़ रहा हादसों का खतरा




**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी। शहर** की सड़कों पर आवारा मवेशियों की बढ़ती संख्या अब लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। प्रमुख मार्गों पर दिनभर गाय, बैल और अन्य मवेशियों के जमावड़े से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, वहीं दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बढ़ रही है। कई बार राहगीर और दोपहिया वाहन चालक इन मवेशियों की चपेट में आकर घायल हो चुके हैं, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान के लिए अब तक कोई प्रभावी व्यवस्था नजर नहीं आ रही है।

शहर के एमएम हॉस्पिटल मार्ग, नवाब साहब रोड, ठंडी सड़क, सब्जी मंडी क्षेत्र, माधव चौक और कोर्ट रोड सहित कई व्यस्त मार्गों पर सुबह से देर रात तक मवेशी सड़क के बीचों-बीच बैठे दिखाई देते हैं। अचानक सड़क पार करने या वाहनों के सामने आ जाने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक दिक्कत स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को हो रही है।

**आए दिन हो रहे हादसे, चिंता बढ़ी**

स्थानीय लोगों का कहना है कि आवारा मवेशियों के कारण छोटे-बड़े हादसे आम बात हो गए हैं। कई लोग घायल हो चुके हैं, जबकि कुछ मामलों में गंभीर दुर्घटनाएं भी सामने आई हैं। नागरिकों का आरोप है कि मवेशियों को पकड़ने और उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की कार्रवाई नियमित रूप से नहीं होने के कारण समस्या लगातार विकराल होती जा रही है।

बाजार क्षेत्र के व्यापारियों का भी कहना है कि मवेशियों के कारण ग्राहकों और दुकानदारों को परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार मवेशी दुकानों और ठेलों के सामने खड़े होकर आवागमन बाधित कर देते हैं, जिससे बाजार की व्यवस्था प्रभावित होती है।

**प्रशासन से समाधान की उम्मीद**

शहरवासियों को उम्मीद है कि प्रशासन और नगर पालिका इस समस्या को गंभीरता से लेकर ठोस कदम उठाएंगे। लोगों का कहना है कि यदि विशेष अभियान चलाकर आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं एवं निर्धारित स्थलों पर भेजा जाए तो यातायात व्यवस्था में सुधार के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं पर भी काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

**शहर की छवि पर भी पड़ रहा असर**

विशेषज्ञों का मानना है कि आवारा मवेशियों की समस्या केवल यातायात तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शहर की स्वच्छता, सुंदरता और नागरिक सुरक्षा से भी जुड़ा मुद्दा है।

# राज्य सूचना आयुक्त का आगमन आज, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**सुलतानपुर।राज्य** सूचना आयुक्त श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह का जनपद सुलतानपुर का दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। जारी कार्यक्रम के अनुसार वे आज 11 जून 2026 को अपराह्न 04:00 बजे उ0प्र0 सूचना आयोग, लखनऊ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे (सिक्स लेन) एवं सेमरी मार्ग होते हुए जयसिंहपुर पहुंचेंगे। भ्रमण कार्यक्रम के तहत वे श्री आशीष तिवारी, मुस्कान, मैनेजर, दिनेश गैस सर्विस, जयसिंहपुर, सुल्तानपुर के यहां आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों से मुलाकात भी प्रस्तावित है। इसके उपरांत राज्य सूचना आयुक्त ग्राम गोपालपुर सराय ख्वाजा, विकास खंड करौंदी कला, जनपद सुलतानपुर पहुंचेंगे, जहां उनका रात्रि विश्राम निर्धारित है। दिनांक 12 जून 2026 को अपराह्न 01:00 बजे वे कादीपुर मार्ग से पी0डब्ल्यू0डी0 गेस्ट हाउस, सुलतानपुर पहुंचेंगे। वहां सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम विषय पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें नागरिकों को सूचना के अधिकार, पारदर्शिता एवं सुशासन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जाएंगी।

# ग्राम प्रधान पर भ्रष्टाचार और गबन का आरोप

## डीएम को नोटरी शपथपत्र सौंपकर जांच की मांग



**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। ग्राम** पंचायत सरईराजपुतानी, विकास खंड ज्ञानपुर के निवासी दिवाकर सिंह,रोहित कुमार सिंह व श्यामधर यादव ने जिलाधिकारी को नोटरी शपथपत्र सौंपकर ग्राम प्रधान पर शासकीय धन के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार और गबन का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वर्ष 2021 से 2026 तक मनरेगा समेत विभिन्न विकास कार्यों में फर्जी मास्टर रोल, फर्जी जॉब कार्ड और बिना कार्य कराए भुगतान निकालकर लाखों रुपये का गबन किया गया। साथ ही आरोप लगाया गया है कि ग्राम प्रधान के स्थान पर उनके पति केशधर बिन्द और पुत्र रमाकांत बिन्द ग्राम पंचायत का संचालन करते हैं तथा कथित रूप से फर्जी हस्ताक्षरों के माध्यम से धन निकासी की जाती है। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत करता का आरोप है की ग्राम सभा में सरकारी खर्चे पर बना सामुदायिक शौचालय, सिर्फ नाम मात्र, का है उसमें आज तक गांव के लोग कभी उसका इस्तेमाल नहीं कर पाए क्यों की उसमें न पानी की व्यवस्था है न बिजली की न ही उसमें कोई साफ सफाई सिर्फ सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है प्रधान पति द्वारा, वही पर सामने विद्यालय परिसर में हैंड पंप सालों से बिगड़ा पड़ा है, बच्चे जो पढ़ने आते हैं तकलीफों का सामना करते हैं गांव में कोई नाली की और खड़ंजे रोड की कोई मरम्मत नहीं सिर्फ सरकारी धन निकाल कर इस्तेमाल किया गया प्रधान पति की दबंगई से कोई शिकायत करने वाले को भी धमकी दी जाती है, गांव वालों ने जिलाधिकारी, महोदय से प्रधान, केवला देवी और प्रधान पति केशधर,व, प्रधान पति के लड़के के ऊपर जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग कर जांच कर, न्याय की गुहार लगाई है ।

# चोरी छुपे नहर की खुदाई का आरोप किसानों में आक्रोश आंदोलन की चेतावनी




**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज भदोही । राष्ट्र हिंदू** युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष संजय राय ने नहर विभाग पर लापरवाही और किसानों, ने समस्याओं की आरोप लगाया उन्होंने कहा कि ज्ञानपुर नहर प्रखंड के अंतर्गत चोरी क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुर माइनर के पास जेसीबी से नहर किनारे की खुदाई कर निकल गई मिट्टी किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है संजय राय का आरोप है कि विभाग ने नहर की समुचित सफाई करने के बजाय किसानों के समतल खेतों से रात के समय मिट्टी निकालकर उन्हें गहरा कर दिया साथ ही खेतों पर पानी पहुंचाने वाली नालियों को भी समतल कर बंद कर दिया गया जिससे किसानों के सामने धान की नर्सरी बहन तैयार करने का संकट खड़ा हो गया है उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसान धान की खेती की तैयारी में जुटे हैं और नहर में पानी आने का इंतजार कर रहे लेकिन भाग्य कार्यवाही के कारण खेतों तक पानी पहुंचाने का रास्ता बाधित हो गया किसानों का आरोप है कि बिना अनुमति उनके खेतों से मिट्टी निकालकर नुकसान पहुंचाया गया जिससे उनमें भारी नाराजगी है संजय राय ने कहा कि एक और तारों में पानी नहीं पहुंच रहा है वहीं दूसरी ओर किसानों के खेतों की खुदाई कर और समतल बना दिया गया इससे खेती किसी का कार्य प्रभावित हो रहा है और किस असमंजस की स्थिति में है जिलाधिकारी शैलेश कुमार से मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि नहर किनारे डाली गई मिट्टी हटाई नहीं गई, और किसने की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और धरना प्रदर्शन किया जाएगा इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी किसानों ने भी प्रशासन से मामले की जांच कर कर जल्द राहत दिलाने की मांग की।

# छात्रावास की अव्यवस्थाओं की शिकायत के बाद प्रताड़ना का आरोप, छात्राएं फिर पहुंचीं कलेक्ट्रेट



**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी। शहर** के टीवी टावर रोड स्थित शासकीय पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की छात्राओं ने छात्रावास में व्याप्त अव्यवस्थाओं और शिकायत के बाद कथित मानसिक प्रताड़ना को लेकर एक बार फिर जिला प्रशासन से गुहार लगाई है। गुरुवार को बड़ी संख्या में छात्राएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच, छात्रावास की व्यवस्थाओं में सुधार तथा शिकायतकताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

छात्राओं का कहना है कि उन्होंने हाल ही में जनसुनवाई में भोजन की खराब गुणवत्ता, खाने में कीड़े मिलने, गंदे पानी की आपूर्ति, खराब पंखों, कूलरों की कमी, छात्राओं की संख्या के मुकाबले अपर्याप्त शौचालय और अधीक्षिका की अनुपस्थिति जैसी समस्याओं की शिकायत की थी। शिकायत के बाद प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जांच भी की गई, लेकिन इसके बावजूद व्यवस्थाओं में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ और समस्याएं यथावत बनी हुई हैं।

छात्राओं ने आरोप लगाया कि शिकायत दर्ज कराने के बाद छात्रावास अधीक्षिका ने नाराजगी जताते हुए शिकायत करने वाली छात्राओं को नाम काटने और छात्रावास से बाहर निकालने की चेतावनी दी। उनका कहना है कि इस कारण छात्राओं में भय और असुरक्षा का माहौल है तथा उन्हें मानसिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है।

# हाईवे पर बोलेरो की टक्कर से जीजा-साले की मौत, एक युवक गंभीर; धार्मिक कार्यक्रम से लौटते समय हुआ हादसा


प्रेमी अहिरवार
मृतक
प्रीतम
मृतक

**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी। झांसी**-शिवपुरी हाईवे पर बुधवार रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों में रिश्ते में जीजा और साला बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक का माहौल है।

पुलिस के अनुसार दिनारा थाना क्षेत्र के ग्राम सेवड़ी निवासी प्रीतम अहिरवार (60), प्रेमी अहिरवार (60) और आनंद अहिरवार (26) एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। बताया गया है कि तीनों सिमरधा बांध क्षेत्र में आयोजित पूजा एवं सामूहिक भोज में शामिल हुए थे। देर रात जब वे झांसी-शिवपुरी हाईवे पर डगरवाहा गांव के पास पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों बाइक सवार सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

हादसे में प्रीतम अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल प्रेमी अहिरवार ने उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। वहीं आनंद अहिरवार की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका उपचार जारी है।

परिजनों का आरोप है कि दुर्घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है। बताया गया है कि प्रेमी अहिरवार अपने पीछे पत्नी, तीन बेटे और एक बेटी को छोड़ गए हैं।

# 14 जून को आठ केन्द्रों पर आयोजित होगी प्रवक्ता भर्ती परीक्षा, परीक्षा की शुचिता पर फोकस

**चित्रकूट। जिले** में 14 जून को आयोजित होने वाली प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 को पूरी तरह नकलविहीन, पारदर्शी और शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के निदेशों के अनुसार यह परीक्षा जिले के आठ परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एक सत्र में आयोजित होगी।

परीक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से बुधवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार सोनेपुर में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) चंद्रशेखर की अध्यक्षता में प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में केन्द्र व्यवस्थापकों, सह केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों सहित परीक्षा से जुड़े अधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों को परीक्षा की निष्पक्षता, सुरक्षा, गोपनीयता और सतर्क निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक, आयोग द्वारा नामित समन्वयी पर्यवेक्षक सुदीप कुमार अग्रवाल तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का आह्वान किया।



# बांदा में जापानी तकनीक से चमकेगा हरित क्षेत्र

## सीएम योगी की पर्यावरण नीति के तहत बनेगा आधुनिक 'मियावाकी वन'

अखंड भारत संदेश

**बांदा। सीएम** योगी की दूरदर्शी और प्रकृति-अनुकूल पर्यावरण नीति के अंतर्गत बांदा जनपद को एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। बांदा नगर पालिका के सौजन्य से जिले में अब अत्याधुनिक 'मियावाकी वन' की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'हरित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करने की दिशा में बांदा प्रशासन का यह एक ऐतिहासिक और सराहनीय कदम है। इस अनूठी पहल से न केवल बुंदेलखंड की धरती पर हरियाली का दायरा बढ़ेगा बल्कि स्थानीय नागरिकों को प्रदूषण मुक्त और शुद्ध वातावरण की बड़ी सौगात मिलेगी। योगी सरकार की इस कल्याणकारी योजना से क्षेत्र के पर्यावरण संतुलन में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा।

क्या है मियावाकी वन तकनीक?

मियावाकी वास्तव में एक जापानी वनस्पति वैज्ञानिक अकीरा मियावाकी द्वारा विकसित की गई एक अनूठी वृक्षारोपण तकनीक है।




इस जापानी पद्धति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह बहुत ही कम जगह में पारंपरिक जंगलों की तुलना में 10 गुना तेजी से बढ़ती है और 30 गुना अधिक घना जंगल तैयार करती है। इसमें पौधों को एक-दूसरे के बेहद पास रोपा जाता है। जिससे वे सूर्य की रोशनी पाने के लिए तेजी से ऊपर की ओर बढ़ते हैं। यह तकनीक शहरी और कम स्थान वाले क्षेत्रों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। क्योंकि यह बहुत कम समय में एक आत्मनिर्भर और समृद्ध जैव-विविधता वाले पारिस्थितिकी तंत्र को जन्म देती है।

स्वदेशी प्रजातियों को ही दी जाएगी वरीयता

योगी सरकार की इस योजना के तहत बांदा की स्थानीय जलवायु और मिट्टी के अनुकूल केवल स्वदेशी प्रजातियों के पौधों को ही वरीयता दी जाएगी। इससे पौधों के जीवित रहने की दर शत-प्रतिशत रहेगी और बांदा का हरित क्षेत्र प्राकृतिक रूप से मजबूत होगा। मुख्यमंत्री के कड़े निर्देशों के अनुपालन में वन विभाग और नगर पालिका का यह संयुक्त प्रयास बांदा को एक मॉडल ग्रीन सिटी के रूप में स्थापित करेगा जो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वास्थ्य और खुशहाली का आधार बनेगा।

# दो कौड़ी का विकास नहीं चलेगा- सुशील श्रीवास्तव ने दी टीएसी जांच की चेतावनी

**चित्रकूट। चित्रकूट** धाम नगर पालिका क्षेत्र में डूडा विभाग द्वारा कराए जा रहे 55 लाख रुपये के नाली एवं सड़क निर्माण कार्य को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद सुशील श्रीवास्तव ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और मानकों पर गंभीर सवाल उठाते हुए प्रशासन से तत्काल जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि कानपुर की संस्था गायत्री कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा कार्य स्वीकृत आंकलन एवं एस्टीमेट के अनुरूप नहीं किया जा रहा, जिससे विकास कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लग गया है। सुशील श्रीवास्तव का कहना है कि एस्टीमेट के अनुसार 6 इंच बाई 6 इंच के यू-आकार के जाल तथा 1:2:4 अनुपात में गिट्टी, बालू और सीमेंट का मिश्रण उपयोग किया जाना चाहिए, लेकिन मौके पर कार्य इन मानकों के विपरीत दिखाई दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है और कमीशनखोरी के कारण गुणवत्तापूर्ण निर्माण की जगह घटिया कार्य कराया जा रहा है। पूर्व सभासद ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पासी तिराहा क्षेत्र में बन रही नाली और सड़क की तकनीकी जांच कराई जाए तथा निर्माण कार्य को स्वीकृत मानकों के अनुरूप कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शिकायत के बावजूद कार्यों की निष्पक्ष जांच नहीं हुई और अनियमितताएं जारी रहीं, तो वह तकनीकी सलाहकार समिति (ज।ब) से जांच कराने के लिए बाध्य होंगे। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इन आरोपों को कितनी गंभीरता से लेता है और करोड़ों नहीं तो लाखों रुपये की इस परियोजना पर उठे सवालों का जवाब कैसे देता है। वहीं संबंधित विभाग ने सारे आरोपों को सिरे से नकार दिया है।



**● पासी तिराहा परियोजना पर बवाल**

# मां बेटे की हत्या करने वाले अभियुक्त को के घर मुनादी के बाद नोटिस चस्पा

अखंड भारत संदेश

**बबेरू /बाँदा** ।बबेरू कोतवाली पुलिस के द्वारा मां बेटे की हत्या करने वाले बड़े बेटा न्यायालय में हाजिर न होने पर मुनादी करवाकर आवास पर नोटिस किया चस्पा

बबेरू कस्बे के तिंदवारी रोड निवासी राजकिशोर पुत्र जगदीश मिश्रा ने संपत्ति बंटवारे के मामले को लेकर पिछले 10 मई 2026 को अपनी मां शांति देवी व छोटे भाई देवीदीन की गोली मारकर हत्या कर दिया था।

# ऑपरेशन दहन के तहत 76 .3 किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट, बांदा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

**बांदा । उत्तर** प्रदेश पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ह्रऑपरेशन दहनह्व के तहत बांदा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न एनडीपीएस एक्ट के मामलों में बरामद कुल 76.297 किलोग्राम मादक पदार्थों को नियमानुसार नष्ट कर दिया। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में गुरुवार को क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ सिंह की उपस्थिति में यह कार्रवाई की गई। अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज 48 एनडीपीएस एक्ट के मुकदमों से संबंधित बरामद मादक पदार्थों को इंसीनरेटर मशीन (भस्मक भट्ठी) में जलाकर नष्ट किया गया। नष्ट किए गए मादक पदार्थों में 75.799 किलोग्राम सूखा गांजा तथा 498 ग्राम स्मैक, नशीला पाउडर एवं गोलियां शामिल थीं। पुलिस के अनुसार जिन मामलों से संबंधित माल नष्ट किया गया, उनमें कोतवाली नगर के 27, चिल्ला के 11, गिरवां के 4 तथा जसपुरा और नरैनी थानों के 3-3 मुकदमे शामिल हैं। पुलिस विभाग का कहना है कि ह्रऑपरेशन दहनह्व का उद्देश्य मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा न्यायालयीय प्रक्रिया के बाद बरामद नशीले पदार्थों का सुरक्षित एवं नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करना है।



# मानव तस्करी और यौन उत्पीड़न पर बंदियों को दी गई कानूनी जानकारी

**चित्रकूट। माननीय** जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में गुरुवार को जिला कारागार चित्रकूट में विधिक जागरूकता का विशेष अभियान चलाया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इला चौधरी ने औचक निरीक्षण कर जेल में संचालित लीगल एड क्लीनिक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आर्थिक रूप से कमजोर बंदियों को मुकदमों की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जा सकते हैं। शिविर में मानव तस्करी और यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर अपराधों पर विस्तार से चर्चा करते हुए इन्हें मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि नौकरी, व्यापार या बेहतर जीवन का लालच देकर लोगों का शोषण करना आधुनिक गुलामी का रूप है, जिसके विरुद्ध कानून में कठोर दंड का प्रावधान है। साथ ही महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा को सर्वोच्च बताते हुए यौन उत्पीड़न के खिलाफ जागरूक रहने और आवाज उठाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, जेल प्रशासन तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के पदाधिकारियों ने सहभागिता कर जागरूक समाज के निर्माण का संदेश दिया।



# प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु ग्राम सभाओं में खुली बैठकों का आयोजन

**चित्रकूट। प्रधानमंत्री** आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 की स्थायी पात्रता सूची तैयार करने की प्रक्रिया अब गांवों की चौपाल तक पहुंच गई है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि शासन एवं आयुक्त, विकास, ग्राम्य उत्तर प्रदेश द्वारा जारी दिशा-निदेशों के अनुपालन में जनपद की सभी ग्राम सभाओं में खुली बैठकों का आयोजन कराया जाएगा। इसके लिए विकास खंडवार एवं ग्राम पंचायतवार रोस्टर तैयार कर संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है। शासन ने 30 जून 2026 तक पूरी प्रक्रिया पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि निर्धारित तिथियों पर खुली बैठकों का आयोजन कर पात्र लाभार्थियों का सत्यापन निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया में किसी प्रकार की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई न हो और वास्तविक जरूरतमंद परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचे। प्रशासन का दावा है कि ग्राम सभाओं की खुली बैठकों के माध्यम से पात्रता सूची अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनेगी तथा गरीबों के आवास के सपनों को नई मजबूती मिलेगी।

# अवैध मदिरा की शिकायत हेतु ऐप, हेल्पलाइन और व्हाट्सएप सुविधा शुरू

**चित्रकूट। जिले** में अवैध मदिरा के कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए आबकारी विभाग ने जनसहभागिता का नया अभियान शुरू किया है। अब कोई भी नागरिक यूपी एक्साइज सिटीजन ऐप, टोल-फ्री हेल्पलाइन 14405 और व्हाट्सएप नंबर 9454466019 के माध्यम से अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, भंडारण या बिक्री की सूचना सीधे विभाग तक पहुंचा सकता है। ऐप के जरिए शराब की बोतलों पर अंकित फत कोड स्कैन कर एमआरपी, ब्रांड, बैच नंबर समेत अन्य जानकारियां भी प्राप्त की जा सकती हैं। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी तथा सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# किसानों की एकजुट हुंकार के आगे झुका चकबंदी का पूरा तंत्र- पुराने खेत ही मंजूर

**चित्रकूट। जिले** के डुडौली और लेदहटा गांवों में चकबंदी को लेकर चल रहा विवाद आखिरकार किसानों की राय के पक्ष में समाप्त हो गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं उप संचालक चकबंदी अरुण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। अधिकारियों ने चकबंदी से होने वाले लाभ गिनाए, लेकिन किसानों ने साफ कहा कि उनके गांव की अधिकांश भूमि ऊबड़-खाबड़, पथरीली और असमान है तथा वे अपने पुराने खेतों से पूरी तरह संतुष्ट हैं। किसानों की सामूहिक आपत्ति और स्पष्ट रुख को देखते हुए दोनों गांवों की चकबंदी प्रक्रिया समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

# हज-2027 का काउंटडाउन शुरू, अभी से पूरी करें जरूरी तैयारी

**चित्रकूट। हज**-2027 की तैयारियों को लेकर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महेन्द्र नाथ प्रताप ने इच्छुक हज यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। उन्होंने बताया कि सऊदी अरब सरकार के हज एवं उमराह मंत्रालय द्वारा जारी निदेशों के अनुसार हज-2027 के लिए मशीन पठित (मशीन रीडेबल) पासपोर्ट अनिवार्य होगा, जबकि हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नहीं रहेगा। आवेदन के लिए पासपोर्ट की वैधता 31 दिसंबर 2027 तक होना जरूरी है। जिन आवेदकों के पास निर्धारित अवधि तक वैध पासपोर्ट नहीं है, वे तत्काल नया पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया शुरू करें। हज-2027 की आधिकारिक घोषणा शीघ्र होने की संभावना है।

# फरार्टा पंखा बनाते समय युवक की करेंट लगने से हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**बबेरू /बाँदा** ।बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सतन्याव गांव में फरार्टा पंखा बनाते समय 25 वर्षीय युवक की करेंट लगने से मौत हो गयी, घटना से परिवार में कोहराम मच गया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सतन्याव गांव निवासी युवक कमलेश कुमार यादव पुत्र रामचंद्र यादव उम्र 24 वर्ष यह बुधवार की रात्रि अपना घर का फरार्टा पंखा बना रहा था। तभी करेंट की चपेट पर आ गया, और बेहोश होकर गिर पड़ा, जैसे ही परिजनों ने देखा तो तुरंत आनन फानन सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया।

# अब बूंद-बूंद करेगी कमाई, चित्रकूट में उतरेगी सिंचाई की नई क्रांति

**● 3528 हेक्टेयर में बदलेगी खेती**

**● किसानों को 90 प्रतिशत तक अनुदान**

**चित्रकूट। जिले** में खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और जल संरक्षण को नई दिशा देने की तैयारी शुरू हो गई है। केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद के 3528 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित की जाएगी। जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि कम पानी में अधिक उत्पादन हासिल करने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत ड्रिप सिंचाई, मिनी स्प्रिंकलर, माइक्रो स्प्रिंकलर, पोर्टेबल स्प्रिंकलर तथा रेनगन जैसी आधुनिक प्रणालियां किसानों के खेतों तक पहुंचाई जाएंगी। इन तकनीकों से जहां पानी की उल्लेखनीय बचत होगी, वहीं फसलों को आवश्यक मात्रा में सिंचाई मिलने से उनकी उत्पादकता भी बढ़ेगी। योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसानों को ड्रिप और मिनी स्प्रिंकलर प्रणाली पर 90 प्रतिशत तक तथा सामान्य किसानों को 80 प्रतिशत तक अनुदान मिलेगा। वहीं पोर्टेबल एवं रेनगन स्प्रिंकलर पर क्रमशः 75 और 65 प्रतिशत तक सहायता प्रदान की जाएगी। विभाग का मानना है कि बदलते जलवायु परिदृश्य में यह तकनीक किसानों के लिए लाभकारी खेती का मजबूत आधार बनेगी। किसानों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने और आधुनिक सिंचाई तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक उत्पादक एवं लाभकारी बनाने की अपील की गई है।

# वंदन योजना के तहत नगर पालिका को मिले 1.48 करोड़, रामघाट-झारखंडी देवी को मिली नई रफ्तार

**चित्रकूट। जिले** के धार्मिक और पर्यटन महत्व को नई ऊंचाई देने की दिशा में शासन ने बड़ा कदम उठाया है। वंदन योजना के तहत नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी को रामघाट और झारखंडी देवी मंदिर क्षेत्र में चल रहे अवस्थापना विकास कार्यों को पूरा करने के लिए 1 करोड़ 48 लाख 17 हजार रुपये की द्वितीय किश्त जारी कर दी गई है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत कुल 2 करोड़ रुपये की परियोजना के अंतर्गत प्रथम किश्त से शुरू किए गए कार्यों को अब तेजी से पूर्ण कराया जाएगा। शासन से प्राप्त धनराशि के बाद तीर्थ क्षेत्र में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सुविधाओं का विस्तार होगा तथा रामघाट और झारखंडी देवी मंदिर परिसर का स्वरूप और अधिक आकर्षक बनेगा। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत धनराशि से सभी लंबित विकास कार्यों को अविलंब पूरा कराया जाए, ताकि आमजन को योजना का लाभ समय पर मिल सके।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला अस्पताल में लगेगा रक्तदान शिविर

**14 जून को स्वैच्छिक रक्तदान**

**चित्रकूट।** 14 जून को मनाए जाने वाले विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला संयुक्त चिकित्सालय चित्रकूट में मानवता के सबसे बड़े महादान- रक्तदान- का महाअभियान शुरू होने जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस 2026 की थीम वन ड्राप ऑफ ह्यूमैनिटी, गिव ब्लड सेव लाइफ रखी गई है, जो मानव सेवा और जीवन रक्षा के संकल्प को नई ऊर्जा देती है। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में 14 जून को आयोजित होने वाले स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान चार लोगों को नया जीवन दे सकता है। यह रक्त थैलेसीमिया, हीमोफीलिया, सिकल सेल, एप्लास्टिक एनीमिया, कैंसर से जूझ रहे मरीजों, एनीमिक गर्भवतियों, प्रसवोत्तर महिलाओं तथा सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों के लिए जीवनरक्षक साबित होता है।

अस्पताल प्रशासन ने अधिकारियों, समाजसेवियों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, छात्र-छात्राओं एवं सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं से अपील की है कि वे शिविर में पहुंचकर रक्तदान करें तथा स्वयं को भावी रक्तदाता के रूप में पंजीकृत कराएं।

# गोपालपुर में जल जीवन मिशन के तहत जन चौपाल आयोजित

चित्रकूट

**चित्रकूट** के कर्वी विकासखंड अंतर्गत गोपालपुर ग्राम में जल जीवन मिशन के तहत आयोजित जन चौपाल विकास और जनविश्वास का जीवंत उदाहरण बनकर उभरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित ह्यहर घर जलह्ण योजना की जमीनी हकीकत जानने पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और योजना के प्रभाव का फीडबैक लिया। चौपाल में सहायक अभियंता बिस्मिल्लाह, अवर अभियंता रविशंकर, अवर अभियंता विन्ध्य वासिनी प्रसाद चौबे तथा एल एंड टी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने खुलकर बताया कि घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचने से वर्षों पुरानी पानी की समस्या समाप्त हो गई है और अब उन्हें दूर-दराज के स्रोतों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। कई ग्रामीणों ने वीडियो संदेश के माध्यम से भी अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि समय से स्वच्छ जल की उपलब्धता ने उनके दैनिक जीवन को आसान बनाया है। चौपाल में ग्रामीणों ने इस जनकल्याणकारी पहल के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार के प्रति आभार भी व्यक्त किया।



# भारत ने पहली बार तैनात किए 12 परमाणु बम, खुलासे से हिली दुनिया!

**पाकिस्तान**

**ऑपरेशन** सिंदूर के बाद पहली बार भारत के परमाणु हथियारों को लेकर एक बहुत बड़ा खुलासा हुआ है। भारत ने पहली बार 12 परमाणु हथियार मोर्चे पर तैनात कर दिए हैं। दरअसल ऑपरेशन सिंदूर 2 की तैयारी और दुनिया में जंग जैसे हालातों के बीच भारत के परमाणु हथियारों को लेकर एक बेहद ही चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। रक्षा क्षेत्र पर नजर रखने वाले एक ग्लोबल रिसर्च इंस्टट्यूट सिपरी ने अपनी सालाना रिपोर्ट में बताया है कि भारत तेजी से अपने न्यूक्लियर हथियारों की संख्या बढ़ा रहा है। आप यह जानकर हैरान हो जाएंगे कि 2014 तक भारत परमाणु हथियारों की संख्या में पाकिस्तान से पीछे था। सोचिए उस वक्त भारत के पास 90 से 110 परमाणु हथियार थे। जबकि पाकिस्तान के पास 100 से 120 परमाणु हथियार थे। सिप्री की सबसे लेटेस्ट रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के पास अब 190




परमाणु हथियार हैं। जबकि पाकिस्तान के पास 170 न्यूक्लियर हथियार हैं। 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक भारत के पास 172 न्यूक्लियर हथियार थे। 2025 में इनकी संख्या 180 पहुंच गई। इसी बीच ऑपरेशन सिंदूर हुआ, जिसके बाद अब भारत के न्यूक्लियर हथियारों की संख्या 190 पहुंच गई है। यह एक बहुत बड़ी छलांग है। जबकि इसी सिपरी रिपोर्ट के मुताबिक 2024, 25 और 26 में पाकिस्तान के न्यूक्लियर हथियारों की संख्या 170 ही रही। इसी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत ने पहली बार 12 न्यूक्लियर हथियारों को डिप्लॉय कर दिया है। न्यूक्लियर हथियारों को डिप्लॉय करने का क्या मतलब होता है वो अब हम आपको बताते हैं। दरअसल एक न्यूक्लियर हथियार के दो सबसे महत्वपूर्ण हिस्से होते हैं। पहला न्यूक्लियर वॉर हेड और दूसरा वेक्टर। वेक्टर अमूमन एक मिसाइल होती है जो न्यूक्लियर वॉर हेड को लेकर दुश्मन के टारगेट पर हमला करती है। न्यूक्लियर वॉर हेड्स और मिसाइलों को अलग-अलग जगह पर स्टोर किया जाता है। जरूरत पड़ने पर ही दोनों को अटैच किया जाता है। जब हमले की नौबत आती है तो मिसाइल पर न्यूक्लियर वॉर हेड को लगा दिया जाता है।

# शांति और विकास पहली प्राथमिकता

**अफगानिस्तान**

**विदेश** मंत्रालय ने मंगलवार को अफगानिस्तान के लोगों के कल्याण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि नई दिल्ली निरंतर मानवीय सहायता, विकास सहयोग और क्षमता निर्माण पहलों के माध्यम से अफगानिस्तान में शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (वठरउ) की बैठक में भारत के संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि परवथानेनी हरीश द्वारा दिए गए बयान के बारे में पूछे जाने पर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत का रुख अपरिवर्तित है और अफगान लोगों के समर्थन पर केंद्रित है। जायसवाल ने कहा, ह्नकल न्यूयॉर्क में हमारी एक बैठक हुई थी, जहां आप स्थायी प्रतिनिधि को देख सकते हैं; उन्होंने वठअटअ की बैठक पर एक बयान दिया, जिसमें हमने दोहराया है कि भारत और अफगानिस्तान पड़ोसी देश और सभ्यताओं से संपन्न देश हैं। हमारे संबंध सदियों पुराने हैं।



उन्होंने आगे कहा कि भारत खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा और दवा सहायता से संबंधित पहलों के माध्यम से अफगानिस्तान का समर्थन करना जारी रखे हुए है, साथ ही छात्रवृत्ति और क्षमता निर्माण के अवसर भी प्रदान कर रहा है। हम अफगानिस्तान और पूरे क्षेत्र में शांति और स्थिरता के पक्षधर हैं ताकि विकास और स्थिरता को बढ़ावा मिल सके। हमने अपने विकास सहयोग, अपनी दीर्घकालिक मित्रता और अफगानिस्तान में खाद्य सुरक्षा, दवा, फार्मा सहायता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जारी विकास सहयोग के बारे में बात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि भारत के विकास कार्यक्रमों से अफगान समाज के सभी वर्गों, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, को लाभ मिलता है।

उन्होंने आगे कहा हमारे कई विकास सहयोग कार्यक्रमों में लैंगिक भेदभाव नहीं होता; इनसे सभी लोगों को लाभ मिलता है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हमने अफगानिस्तान के लोगों को छात्रवृत्तियां और क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी प्रदान किए हैं और ये जारी रहेंगे। जयसवाल ने यह भी कहा कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र की ब्रीफिंग के दौरान उजागर की गई ।

# छत्रपति शिवाजी पर इजरायल का दुनिया हिलाने वाला ऐलान, इस्लामिक देशों की उड़ी नींद!

**इजराइल**

**छत्रपति** शिवाजी महाराज इजराइल ने अपने और भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा ऐलान किया है जिसे सुनकर कुछ मुस्लिम देश बौखला जाएंगे। कई कन्व्टेड मुस्लिम तो समझ ही नहीं पाएंगे कि क्या तहलका मचा है। इजराइल ने ऐलान किया है कि वह मराठा साम्राज्य के महान शासक छत्रपति शिवाजी महाराज की एक भव्य मूर्ति अपने देश में लगाने जा रहा है। आप जानते ही हैं कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने औरंगजेब की सत्ता को चुनौती दी थी। औरंगजेब को तड़पने और मरने के लिए छोड़ दिया था। अब इजराइल उन्हीं महान छत्रपति शिवाजी महाराज को पहली बार अपने देश में लाना चाहता है। इजराइल चाहता है कि उसके देश के लोगों को भी पता चले कि छत्रपति शिवाजी महाराज की ताकत क्या थी।

इजराइल अपने देश के लोगों को यह भी बताना चाहता है कि कैसे यहूदी लोगों ने छत्रपति शिवाजी की सेना में मुगलों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। मुंबई में इजराइल के काउंसिल जनरल यानीव रेवाच ने ऐलान किया है कि हम छत्रपति शिवाजी की एक भव्य मूर्ति बनवा रहे हैं। यह सब कुछ हम भारत या दुनिया के किसी देश को खुश करने के लिए नहीं कर रहे बल्कि हम एक सांस्कृतिक बदलाव लाना चाहते हैं ताकि इजराइल के लोगों को भी भारत के इतिहास के बारे में पता चले। हम छत्रपति शिवाजी पर छपी किताबों को हिब्रू भाषा में ट्रांसलेट करवा रहे हैं ताकि शिवाजी महाराज की महानता और शौर्य की गाथाएं यहूदियों को



भी पढ़ने को मिले। जिन शिवाजी महाराज ने मुगलों को विलुप्ति की कगार पर लाकर छोड़ दिया। उनके बारे में वामपंथियों ने कुछ नहीं बताया। बहरहाल आपको बता दें कि जब लगभग पूरी दुनिया में यहूदियों पर अत्याचार हो रहे थे तब भारत ही वह देश था जिसने यहूदियों को संरक्षण दिया। भारत वो इकलौता देश है जहां पर यहूदियों के खिलाफ कभी अत्याचार नहीं हुए। उनसे नफरत नहीं की गई। बताया जाता है कि 175 ईसा पूर्व में प्रताड़ना झेल रहे बेने इजराइल समुदाय के कुछ लोग महाराष्ट्र वाले इलाके में पहुंच गए।

अपनी युद्ध कला की परंपराओं और सैन्य कौशल के लिए पहचाने जाने वाले बेने इजराइल समुदाय के लोगों ने क्षेत्रीय सेनाओं में सेवा की। जिनमें मराठा राज्य से जुड़ी सेनाएं भी शामिल थी। छत्रपति शिवाजी महाराज ने बेने इजराइली लोगों की सैन्य क्षमताओं को पहचाना और उनमें से कुछ को अपनी सेना में शामिल भी कर लिया। जब मराठा शासक मुगलों को चुनौती दे रहे थे। उस समय यहूदी सैनिकों ने भी छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना में पूरा योगदान दिया।

# ताइवान की संप्रभुता से समझौता नहीं



**ताइवान**

**ताइवान** की उपराष्ट्रपति शियाओ बि-खिम की प्रशांत द्वीप राष्ट्र पलाऊ यात्रा के दौरान, पलाऊ के राष्ट्रपति सुरंगेल एस व्हिप्स जूनियर ने ताइवान के प्रति अपने देश के समर्थन को दृढ़ता से दोहराया और इस बात पर जोर दिया कि ताइवान की संप्रभुता अंतरराष्ट्रीय मान्यता की हकदार है। यह जानकारी ताइवान की सेंट्रल न्यूज एजेंसी (उठअ) के अंग्रेजी भाषा के समाचार मंच फोकस ताइवान ने दी है। कोरोर में आयोजित स्वागत भोज में बोलते हुए, व्हिप्स ने तर्क दिया कि ताइवान की संप्रभुता को नकारना दुनिया भर के छोटे देशों की प्रतिष्ठा को कमजोर करेगा। फोकस ताइवान के अनुसार, उन्होंने कहा, "यदि ताइवान की संप्रभुता को मान्यता नहीं दी जाती है, तो हम कौन होते हैं यह कहने वाले कि हम संप्रभु हैं? इससे बेहतर तो सभी छोटे देशों को ही खत्म कर देना होगा।

व्हिप्स ने लोकतांत्रिक मूल्यों और अंतरराष्ट्रीय मानदंडों की रक्षा के महत्व पर भी बल दिया। फोकस ताइवान के अनुसार, उन्होंने कहा कि हमें स्वतंत्रता के लिए खड़ा होना होगा। हमें लोकतंत्र के लिए खड़ा होना होगा और हमें कानून के शासन के लिए खड़ा होना होगा। पलाऊ ताइवान के 12 राजनयिक सहयोगियों में से एक है और प्रशांत क्षेत्र में केवल तीन सहयोगियों में से एक है। पलाऊ के नेता ने ताइवान की विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए इसे एक समृद्ध और विकासशील राष्ट्र" बताया, जिसने स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी, विमानन और अन्य क्षेत्रों में नेतृत्व का प्रदर्शन किया है, जैसा कि फोकस ताइवान ने रिपोर्ट किया है। उन्होंने तर्क दिया कि ताइवान को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठनों और मंचों में भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए।

# रुके ट्रक से टकराई बस, कई भारतीय कामगारों की दर्दनाक मौत



**दुबई**

**दुबई** में एक दुखद सड़क दुर्घटना में कई भारतीय श्रमिकों की मौत हो गई, जब उन्हें ले जा रही एक मिनीबस सड़क के बीच में रुके एक ट्रक से टकरा गई। दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शोक व्यक्त किया।

दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जानमाल के नुकसान से उन्हें गहरा दुख हुआ है और प्रभावित लोगों की सहायता के लिए वे स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "दुबई में हुई दुखद सड़क दुर्घटना में कई भारतीय कामगारों की जान जाने से हम बेहद दुखी हैं। वाणिज्य दूतावास ने आगे कहा कि वह पीड़ितों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। हमारे अधिकारियों ने अस्पताल का दौरा किया, घायल भारतीयों से मुलाकात की और हर संभव सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इस कठिन समय में हमारी हार्दिक संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।

बस चालक ने पीछे से आ रहे ट्रक को टक्कर मारी

दुबई पुलिस के यातायात विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर जुमा सलेम बिन सुवैदान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि तकनीकी खराबी के कारण ट्रक अमीरात रोड के बीचोंबीच अचानक रुक गया था।

# होर्मुज में गिरा अमेरिकी हेलीकॉप्टर, ट्रंप ने दिया बड़ा बयान

**अमेरिका**

**एक** तरफ अमेरिका ईरान से सीजफायर डील को पूरा करने में लगा है और दूसरी तरफ ईरान और इजराइल लड़ पड़े। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ऐसे परेशान हुए कि वह दोनों ही पक्षों पर चीखने चिल्लाने तक लगे और अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जानकारी दी है कि ईरान के साथ अब भी बातचीत जारी है। यह बातचीत रुकी नहीं है और उनका यह भी दावा है कि एक से दो दिन में इस बारे में कुछ बड़ा हो सकता है। यानी कि पूरी तरह से अमेरिका और ईरान किसी कंक्रीट डील पर पहुंच सकते हैं। इसके साथ ही



साथ आने वाले दिनों में हारमूज भी पूरी तरह से खुल जाएगा।

ऐसा दावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कर रहे हैं। वहीं इस दौरान एक खबर यह भी आई कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में अमेरिका का एक हेलीकॉप्टर क्रैश कर गया। क्या ईरान ने निशाना लगाकर इस हेलीकॉप्टर को मार गिराया? या फिर यह खुद ब खुद अपनी गलतियों से क्रैश हो गया या किसी तकनीकी खामी के चक्कर में यह क्रैश हो गया। इसे लेकर रिपोर्ट का इंतजार है। लेकिन जब यह सवाल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से हुआ तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि पायलट ठीक है और कोई घायल नहीं हुआ है। लेकिन जिस तरह से इजराइल और ईरान में तरनी हुई और दोनों ने एक दूसरे पर एक-एक करके हमला किया, उससे लगा कि अब आने वाले वक्त में यह युद्ध और भीषण हो जाएगा। लेकिन कुछ देर के हमले के बाद दोनों ही पक्ष रुक गए। यानी कि कोई भी पक्ष इस युद्ध को आगे नहीं बढ़ाना चाहता या फिर अमेरिका का दबाव काम कर गया।

# तस्लीमा अख्तर ने दुनिया से लगाई न्याय की गुहार

**पाकिस्तान**

**जम्मू**-कश्मीर की मानवाधिकार रक्षक और कश्मीर आतंकी पीड़ितों के संगठन (एटीवीके) की अध्यक्ष तस्लीमा अख्तर ने पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा बलों द्वारा नागरिकों के खिलाफ कथित हिंसा और बल प्रयोग की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि मैं उस हिंसा की कड़ी निंदा करती हूं जिसने पीओजेके में निर्दोष नागरिकों के जीवन को रक्तपात में बदल दिया है। दुनिया भर के मानवाधिकार संगठनों को इन गंभीर उल्लंघनों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए और प्रभावित लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए।

अख्तर ने आरोप लगाया कि स्थानीय निवासियों की आवाज को दबाने और सूचना को बाहरी दुनिया तक पहुंचने से रोकने के प्रयास में पीओजेके में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, पाकिस्तान को यह समझना चाहिए कि पीओजेके के लोग वैश्विक स्तर पर जुड़े हुए हैं। आज के तकनीकी युग में सच्चाई को छिपाया नहीं जा सकता और समाचार और सूचना को दबाने के प्रयास अंततः विफल होंगे।

जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि निवासी केवल बुनियादी अधिकारों और स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सुरक्षा और बेहतर सार्वजनिक सुविधाओं जैसी आवश्यक सेवाओं की मांग कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग अपने मौलिक अधिकारों की मांग कर रहे हैं, फिर भी उन्हें दमन का सामना करना पड़ रहा है।



हम उनके साथ मजबूती से खड़े हैं और हर पीड़ित के लिए न्याय की मांग करते हैं।

अख्तर ने क्षेत्र में पत्रकारों और राजनीतिक प्रक्रियाओं पर लगाए गए प्रतिबंधों की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सच बोलने वालों को कथित तौर पर चुप कराया जा रहा है, पत्रकारों को हिरासत में लिया जा रहा है और चुनाव सहित लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं अनिश्चितता का सामना कर रही हैं। ऐसे कृत्य अस्वीकार्य हैं और इनका तुरंत समाधान किया जाना चाहिए। प्रत्यक्षदर्शियों से प्राप्त रिपोर्टों का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि हत्याओं के परेशान करने वाले वीडियो सामने आए हैं और स्थिति पर बढ़ती अंतरराष्ट्रीय चिंता को उजागर किया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# भारत की पीठ पर नेपाल ने छुरा घोंपा! बालने शाह ने लगाया बैन

**नेपाल**

**एक** तरफ भारत ने हमेशा नेपाल के लिए अपने दरवाजे और दिल खोल कर रखे। लेकिन दूसरी तरफ नेपाल ने एनन सीजन के वक्त भारतीय किसानों और व्यापारियों की पीठ में छुरा घोप दिया। दरअसल नेपाल सरकार ने यानी बालेन शाह की सरकार ने अचानक एक ऐसा फरमान सुनाया जिससे ना केवल भारत के फल निर्यातक सदमे में है बल्कि खुद नेपाल की जनता अब सड़कों पर उतरने को मजबूर है। नेपाल ने भारतीय आम और कई प्रमुख फलों के आयात पर अघोषित और अचानक प्रतिबंध लगा दिया। ऐसे में सवाल है आखिर क्यों नेपाल अपनी ही जनता को भूखा रखने और महंगी कीमतों की आग में झोंकने पर तुला है? क्या यह सिर्फ एक व्यापारिक फैसला है या इसके पीछे कोई गहरी राजनीतिक साजिश।

नेपाल के प्रतिष्ठित समाचार पत्र राइजिंग नेपाल डेली की रिपोर्ट ने वहां की सरकार की पोल खोल कर रख दी। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि नेपाल में गर्मियों के दौरान आम की डिमांड इतनी ज्यादा होती है कि स्थानीय उत्पादन उसका 10% भी पूरा नहीं कर सकता। नेपाल में आम का उत्पादन बेहद सीमित है और वह भी केवल कुछ खास इलाकों में। ऐसे में सालों से नेपाल की मैंगो डिप्लोमेसी और वहां के लोगों की थाली भारत के रसीले आमों से सस्ती रही है। लेकिन इस बार नेपाल सरकार ने बिना किसी तैयारी के आयात पर कैंची चला दी और नेपाल की मीडिया रिपोर्ट बताती है कि इस फैसले से नेपाल के बड़े व्यापारी अब बबार्दी की कगार पर हैं क्योंकि उनके पास स्टॉक



खत्म हो चुका है और सप्लाई के सारे रास्ते बंद कर दिए गए हैं। काठमांडू, पोखरा, विराट नगर जैसी बड़ी मंडियों में इस वक्त मातम पसरा है। भारत से आमों की खेप ना पहुंचने के कारण स्थानीय आमों के दाम अब आसमान छू गए हैं। हैरानी की बात यह है कि वहां वर्तमान में नेपाली बाजारों में जो स्थानीय आम मौजूद हैं, उनकी गुणवत्ता भारतीय, दशहरी, लंगड़ा और चौसा के मुकाबले कहीं नहीं ठहरती है। गुणवत्ता कम और कीमत चार गुना। नेपाली जनता का कहना है कि जो फल पहले आम आदमी खरीद सकता था अब वह सिर्फ रईसों की मेज की शोभा बढ़ा रहा है। सिर्फ आम ही नहीं केले और अन्य भारतीय फलों की कमी से पूरा मार्केट क्रैश होने की स्थिति में आ गया है। नेपाल के फल और सब्जी व्यापारियों ने सरकार को कड़ी चेतावनी दी है। उनका कहना है कि घरेलू कृषि को बढ़ावा देना सुनने में अच्छा लगता है। लेकिन क्या नेपाल के पास इसके लिए बुनियादी ढांचा है। व्यापारियों का तर्क है कि नेपाली आम का सीजन महज 2 महीने का होता है। बाकी के 10 महीने नेपाल क्या खाएगा? बिना किसी कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था किए और बिना किसी पैदावार को बढ़ाए भारत से आयात रोकना अपने ही नाक काटने जैसा है। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि अगर यह प्रतिबंध एक हफ्ते और जारी रहा तो नेपाल में फलों की ब्लैक मार्केटिंग शुरू हो जाएगी और आम जनता का गुस्सा सरकार के लिए संभालना मुश्किल हो जाएगा। कई व्यापारियों ने तो यहां तक कह दिया कि उन्हें करोड़ों का आर्थिक नुकसान हो चुका है जिसकी भरपाई नामुमकिन है। अब बात करते हैं उस छुरे की जो भारत की पीठ में नेपाल या फिर यूं कह लें कि बाल शाह ने घोपा है। भारत के उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के हजारों किसान नेपाल को होने वाले निर्यात पर निर्भर रहते हैं। जब फसल तैयार है, मंडियों में माल लदा है, तब नेपाल का यह फैसला भारतीय किसानों की मेहनत पर पानी फेरने जैसा है।